21-JAN- Jash-bhoomi-pg-1_Layout 1 1/21/2026 8:02 PM Page 1

हरिभूमि

# जशपुर-रायगढ़ भूमि

बिलासपुर, गुरुवार, 22 जनवरी 2026

पत्थलगांव | कुनकुरी | बगीचा | फरसाबहार | कांसाबेल | दुलदुला | मनोरा

तापमान

अधिकतम 22.2 डिग्री

न्यूनतम 9.2 डिग्री

4

संभागायुक्त ने सरगुजा ओलंपिक की तैयारियों के संबंध में ली बैठक



## तस्करों से 1 क्विंटल 85 किलो गांजा बरामद

# कार की सीट के नीचे छुपाकर ले जा रहे थे 55 लाख का गांजा, दो गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

नशे के खिलाफ चलाए जा रहे ऑपरेशन आघात के तहत जशपुर पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की है। थाना नारायणपुर क्षेत्रांतर्गत रानीकोंबो में नाकाबंदी के दौरान एक सफेद रंग की क्रेटा कार नंबर युपी -32- एचएफ- 0299 से 1 क्विंटल 85 किलो 42 ग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा जब्त किया गया। जब्त गांजे की अनुमानित बाजार कीमत 55 लाख 50 हजार रुपये बताई जा रही है।

■ नशे के सौदागरों पर जशपुर पुलिस का प्रहार

20 जनवरी 2026 की तड़के 3 से 4 बजे के बीच मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने कुनकुरी– नारायणपुर मार्ग पर चेकिंग शुरू की। संदिग्ध क्रेटा कार को घेराबंदी कर रोका गया। तलाशी में कार की बीच सीट के नीचे और डिक्की में कारपेट के नीचे छुपाकर रखे पीली प्लास्टिक टेप से लिपटे 180 पैकेट गांजा बरामद हुआ। मामले में शान मोहम्मद उर्फ सानू उम्र 22 वर्ष निवासी जगदीशपुर, मानपुरलाल, लखनऊ उप्र,सुहैल अहमद उम्र 19 वर्ष निवासी सरौरकला, कमलापुर, थाना सीतापुर, जिला सीतापुर उप्र को गिरफ्तार किया गया है। इस पूरी करवाई में सहायक उप निरीक्षक अमरबेल मिंज, अनिल कामरे, नरेश मिंज, प्रधान आरक्षक उमेश मिंज, आरक्षक अविनाश सोनी एवं कुलदीप खलखो की टीम ने इस कार्रवाई को सफल बनाया।



### ओडिशा से उत्तरप्रदेश तक का था सफर

पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे यह गांजा मलकानगिरी, ओडिशा से लाकर उत्तर प्रदेश ले जा रहे थे। आरोपियों की निशानदेही पर लखनऊ के एक तीसरे तस्कर की पहचान भी कर ली गई है, जिसकी गिरफ्तारी शीघ्र की जाएगी। तस्करी में प्रयुक्त क्रेटा कार और आरोपियों के मोबाइल फोन भी जब्त कर लिए गए हैं; मोबाइल डाटा की जांच जारी है।

### भेजे गए जेल

दोनों आरोपियों के विरुद्ध थाना नारायणपुर में धारा 20 (बी) (2)(सी) एनडीपीएस एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर उन्हें न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है।

### किसी भी व्यक्ति को बक्शा नहीं जाएगा

नशे के कारोबार में संलिप्त किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा। ऑपरेशन आघात निरंतर जारी है। जिले में मुखबिर तंत्र को और मजबूत किया गया है।

-शशि मोहन सिंह, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक।

## धान घोटाला: 6.55 करोड़ की अनियमितता का मास्टरमाइंड समिति प्रबंधक गिरफ्तार

**जशपुरनगर।** धान उपार्जन केन्द्र कोनपारा (तुमला) में खरीफ वर्ष 2024-25 के दौरान सामने आए 6 करोड़ 55 लाख रुपए के बड़े घोटाले में जशपुर पुलिस ने निर्णायक कार्रवाई करते हुए मास्टरमाइंड समिति प्रबंधक जयप्रकाश साहू उम्र 40 वर्ष को गिरफ्तार कर लिया।

आरोपी एफआईआर दर्ज होते ही दमोह (मध्यप्रदेश) में छिपा, फिर पुलिस दबाव बढ़ने पर विकासनगर कुसमुंडा, कोरबा पहुंचा, जहां रात में घेराबंदी कर उसे दबोचा गया।जांच में खुलासा हुआ कि जयप्रकाश साहू पहचान छिपाने के लिए हर बार दूसरे के नाम से मोबाइल सिम लेकर इस्तेमाल करता रहा। साइबर यूनिट की निगरानी और लोकेशन ट्रैकिंग से उसकी चालाकी धरी रह गई।

संयुक्त जांच दल की रिपोर्ट में भारी गड़बड़ी उजागर हुई थी। जिसमें धान खरीदी 1,61,250 क्विंटल,मिल व संग्रहण केंद्रों को परिदान 1,40,663.12 क्विंटल, कमी 20,586.88 क्विंटल, धान मूल्य 3100 रुपए क्विंटल के हिसाब से 6.38 करोड़ का नुकसान हुआ था। 4,898 नग बारदाना 17.07 लाख,कुल क्षति 6,55,26,979 का हुआ।



### 6 आरोपी, 2 जेल में, 4 फरार

मामले में कुल 6 आरोपी नामजद हैं। फड़ प्रभारी शिशुपाल यादव पहले ही गिरफ्तार होकर जेल में है।जयप्रकाश साहू दूसरी बड़ी गिरफ्तारी है। वहीं शेष 4 आरोपियों की तलाश तेज कर दी गई है। आरेपियों के खिलाफ छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी बैंक मर्यादित के नोडल अधिकारी की रिपोर्ट पर थाना तुमला में बीएनएस की धारा 318(4), 320, 336, 338 व 61 के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है।एसएसपी जशपुर शशि मोहन सिंह के निर्देश पर एसडीओपी पत्थलगांव डॉ. ध्रुवेश कुमार जायसवाल के नेतृत्व में विशेष टीम व साइबर यूनिट ने कई राज्यों में दबिश देकर आरोपी को पकड़ा।

## खबर संक्षेप

### किराए पर शिक्षक रखकर पढ़ाई कराने वाला प्रधान पाठक निलंबित

**अम्बिकापुर।** किराए पर निजी शिक्षक रखकर स्कूल में पढ़ाई कराने वाले प्रधान पाठक को निलंबित कर दिया गया है। हरिभूमि द्वारा खबर प्रकाशन उपरान्त जिला शिक्षा अधिकारी सूरजपुर ने जांच के बाद प्रधान पाठक के खिलाफ कार्रवाई की है। बता दें कि सूरजपुर जिले के दूरस्थ क्षेत्र ओड़गी के मोहरसोप प्राथमिक शाला में प्रधान पाठक देवशरण सिंह द्वारा किराए का शिक्षक रखकर पढ़ाई कराए जाने का मामला सामने आया था। प्रधान पाठक द्वारा खुद स्कूल से नदारत रहने और अपनी जगह वेतन देकर खुद से एक 12वीं पास शिक्षक रखने के मामले को हरिभूमि ने 18 जनवरी को प्रमुखता से प्रकाशित किया था। इस मामले में सूरजपुर जिला शिक्षा अधिकारी अजय मिश्रा द्वारा जांच के निर्देश दिए गए थे। डीईओ के निर्देश पर बीईओ ने मामले की जांच की। जांच के दौरान पुष्टि हुई कि प्रधान पाठक ने अपने स्थान पर एक अनाधिकृत व्यक्ति को किराए पर रखकर पढ़ाई कराई गई। इस मामले में जांच उपरान्त डीईओ ने प्रधान पाठक देवशरण सिंह को छग सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम 1966 के नियम 9 के तहत तत्काल प्रभाव निलंबित कर दिया है। निलंबन अवधि में देवशरण सिंह का मुख्यालय बीईओ कार्यालय प्रेमनगर किया गया है।

### समिति प्रबंधक व ऑपरेटर के खिलाफ एफआईआर दर्ज

**अंबिकापुर।** समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन प्रक्रिया में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए जिला प्रशासन द्वारा निरंतर निगरानी की जा रही है। धान खरीदी में अनियमितता बरतने वालों पर प्रशासन की सख्त कार्रवाई जारी है। इसी कड़ी में कलेक्टर अजीत वसंत के निर्देश पर धान उपार्जन केंद्र कुन्दीकला में भौतिक सत्यापन में 888.40 क्विंटल धान में कमी पाए जाने पर समिति प्रबंधक दिलीप यादव एवं कम्प्यूटर ऑपरेटर गोविन्द बेहरा पर एफआईआर दर्ज कराई गई है। प्राप्त जानकारी के 18 जनवरी को धान उपार्जन केन्द्र कुन्दीकला में धान के स्टॉक का भौतिक सत्यापन जिला खाद्य अधिकारी, जिला विपणन अधिकारी एवं नोडल अधिकारी स्टेट वेयर हाउस द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। भौतिक सत्यापन के दौरान उपार्जन केन्द्र में कुल 2221 बोरी (888.40 क्विंटल) धान की कमी पायी गई। धान खरीदी में लापरवाही पर धान उपार्जन केन्द्र कुंदीकला के समिति प्रबंधक दिलीप यादव एवं कम्प्यूटर ऑपरेटर गोविंद बेहरा के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराई गई। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि शासन की धान उपार्जन एवं मिलिंग व्यवस्था में किसी भी प्रकार की अनियमितता, लापरवाही अथवा गड़बड़ी को किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं किया जाएगा। भविष्य में भी ऐसे निरीक्षण एवं जांच अभियान निरंतर जारी रहेंगे, ताकि कृषकों के हितों की पूर्णतः रक्षा सुनिश्चित की जा सके।

### डंडे से पिटाई कर पत्नी को उतारा मौत के घाट

**अम्बिकापुर।** पत्नी की डंडे से पिटाई कर हत्या करने के मामले में पुलिस ने ग्रामीण को गिरफ्तार किया है। बार बार जमीन पर लेट जाने और घर नहीं जाने से आक्रोशित ग्रामीण ने पत्नी की बेदम पिटाई कर दी। महिला को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया था। मैनपाट के कमलेश्वरपुर पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार बिसरपानी निवासी 50 वर्षीया कुंती सेनार पति रामेश्वर सेनार की मौत के मामले में पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर जांच की जा रही थी। जांच के दौरान मारपीट से महिला की मौत की पुष्टि होने पर पुलिस ने संदेह के आधार पर आरोपी 55 वर्षीय रामेश्वर सेनार आ. स्व. फगुओ सेनार को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो आरोपी ने अपना जुर्म कबूल करते हुए बताया कि 17 जनवरी को उसके भतीजे की मौत ओ गई थी और उसके अंतिम मट्टी काठी में ग्राम सुपलगा से मेहमान आए हुए थे।

## जनपद सीईओ ने ली सचिवों रोजगार सहायकों की बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ पत्थलगांव

जनपद पंचायत में जनपद सीईओ केके श्रीवास ने ग्राम पंचायत सचिवों एवं रोजगार सहायकों की बैठक लेकर आवश्यक निर्देश दिए।

बैठक में विकास अधिकारी धनेस टेंगवार पीओ घनश्याम राम, बीपीएम नईंन अंसारी, आवास समन्वयक रोजमेरी तिर्की, आरईएस के एसडीओ अमित दे० एवं अन्य अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे। बैठक में सीईओ ने पुराने सभी अधूरे निर्माण कार्य 20-21-22-23 और 23, 24 के 15वें वित्त जनपद, जिला स्तर के मनरेगा के अधूरे निर्माण पर 72 को नोटिस जारी कर जल्द कार्य पूर्ण करने हेतु कहा। कार्य नहीं करने वाले 72 सरपंच सचिव के विरुद्ध आरआरसी वसूली प्रकरण तैयार कर जनपद कार्यालय पत्थलगांव के द्वारा प्रेषित किया जाएगा। गाम पंचायत के नवीन कार्य को 20 फरवरी तक पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया गया एवं 1482 अप्राम्भ प्रधानमंत्री आवास को योजना बनाकर घर घर संपर्क कर 10 दिवस के अंदर कराने हेतु रोजगार सहायक एवं सचिव को निर्देशित किया गया। एनआरएलएम एवं सचिव की बैठक में समूह में नही जुड़े 8 हजार परिवारों को एक माह के अंदर अभियान चलाकर जोड़ने हेतु पीआरपी को निर्देशित किया गया एवं मुद्रा लोन हेतु अलग अलग बैंकों में लंबित प्रकरण बीपीएम नाइन अंसारी को बैंक जाकर प्रकरण को जल्द स्वीकृत कराने हेतु निर्देशित किया गया। बैठक में सभी ग्राम पंचायतों के सचिव को निर्देशित किया गया कि वसूली में तेजी लाएं एवं समर्थ पोर्टल में इंट्री करें।



### शिक्षक पात्रता परीक्षा 1 फरवरी को, जिलो में बनाए गए केंद्र

**बलरामपुर।** छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल द्वारा 1 फरवरी को शिक्षक पात्रता 2026 परीक्षा आयोजित की गई है। जिसके लिए प्रथम पाली में 366 परीक्षा केन्द्र बनाए गए है। जहां प्रातः 9.30 बजे से 12.15 बजे तक तथा द्वितीय पाली में 656 परीक्षा केन्द्र बनाए गए है, जिसके लिए दोपहर 3 बजे से 5.45 बजे तक परीक्षा आयोजित होगी। प्रथम पाली में 1 लाख 18 हजार 642 अभ्यर्थी तथा द्वितीय पाली में 2 लाख 4 हजार 541 अभ्यर्थी शामिल होंगे। परीक्षा 20 जिलों (अंबिकापुर, बैकुण्ठपुर, बिलासपुर, दंतेवाड़ा, धमतरी, दुर्ग, जगदलपुर, जांजगीर, जशपुर, कांकेर, कबीरधाम, कोरबा, महासमुंद, रायगढ़, रायपुर, राजनांदगांव, बलौदाबाजार, बालोद, कोण्डागांव, सूरजपुर) में आयोजित की जा रही है। जिसमें राज्य के सभी 33 जिलों के अभ्यर्थी शामिल होंगे। व्यापम द्वारा परीक्षाओं के निष्पक्ष, पारदर्शिता पूर्ण एवं सफलतापूर्वक आयोजन के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किया गया है।

## ग्रामीण क्षेत्र के स्कूलों का हाल बेहाल, चल रहा छुट्टी का खेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ पत्थलगांव

विकासखंड स्थित ग्रामीण क्षेत्र के स्कूलों का हाल बेहाल है। अफसरों की मॉनिटरिंग के अभाव में शिक्षक अपनी मनमानी कर रहे हैं। शिक्षक अपने समय पर स्कूल आते हैं और हाजिरी दर्ज कराकर चले जाते हैं।

■ सीएसी नही करते स्कूलों की मॉनिटरिंग

जानकारी के अनुसार पत्थलगांव विकासखंड के शासकीय प्राथमिक स्कूल मदनपुर में दो शिक्षकों की नियुक्ति है। स्कूल के हेडमास्टर शुभचरण सिदार जिन्हें स्कूल को सुचारू रूप से चलाने की जिम्मेदारी शासन ने दी है। वे शासन और प्रशासन की आंख में धूल झोंकते हुए एक अर्धअवकाश छुट्टी का आवेदन स्कूल में छोड़कर चले गए। जबकि शासन के पोर्टल में अवकाश के लिए आवेदन देना है। छुट्टी स्वीकृत हुई तब जा सकते हैं नहीं तो इस तरह आवेदन देकर स्कूल छोड़ कर नहीं जा सकते। इन स्कूलों की मॉनिटरिंग का जिम्मा सीएसी ⏭ शेष पेज 4 पर



### जांच के बाद होगी कार्रवाई

प्राथमिक स्कूल मदनपुर के हेडमास्टर शुभचरन सिदार के आवेदन छोड़ कर जाने की जानकारी मिली, उन्हें आनलाइन छुट्टी लेनी है तभी छुट्टी स्वीकृत होगी। उक्त जानकारी पर जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

-वेदानंद आर्य, विकासखंड शिक्षा अधिकारी पत्थलगांव।

## बकाया जलकर जमा नहीं करने पर काटे जाएंगे नल कनेक्शन

**जशपुरनगर।** कलेक्टर रोहित व्यास ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में नगर पालिका और नगर पंचायत के अधिकारियों की बैठक लेकर नगरीय निकायों में संचालित विकास कार्यों की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में कलेक्टर ने नगरीय क्षेत्रों में संचालित निर्माण कार्यों, राजस्व वसूली, सौंदर्यीकरण, साफ-सफाई सहित अन्य कार्यों की विस्तार से जानकारी ली और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने पेड़ों और शासकीय भवनों में बिना अनुमति के निजि विज्ञापन लगाए जाने पर नाराजगी व्यक्त की और अधिकारियों को इसे जल्द हटवाने के निर्देश दिए साथ ही संबंधितों पर कार्रवाई करने को कहा।

राजस्व वसूली की समीक्षा करते हुए कलेक्टर श्री व्यास ने संपत्ति कर, समेकित कर, जलकर, दुकान किराया, यूजर्स चार्ज सहित अन्य मदों में लक्ष्य के अनुरूप वसूली नहीं होने पर असंतोष व्यक्त किया। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि जिन उपभोक्ताओं द्वारा बकाया संपत्ति कर जमा नहीं किया गया है, उनकी संपत्ति कुर्क करने की कार्रवाई की जाएगी। कलेक्टर ने जलकर बकाया एवं अवैध नल कनेक्शनों पर भी सख्ती बरतने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जो उपभोक्ता बकाया जलकर जमा नहीं करेंगे, उनके नल कनेक्शन काटे जाएंगे। साथ ही जिन लोगों ने अवैध नल कनेक्शन ले रखे हैं, यदि वे एक माह के भीतर नियमों के अनुरूप वैध नहीं कराते हैं, तो उनके नल कनेक्शन काटने के साथ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। बैठक में कलेक्टर ने नगरीय क्षेत्रों में लकड़ी का उपयोग कर भोजन तैयार करने वाले होटल, ढाबा एवं अन्य व्यावसायिक प्रतिष्ठानों पर कार्रवाई के निर्देश देते हुए कहा कि लकड़ी जलाने से पर्यावरण प्रदूषित होता है और यह स्वास्थ्य के लिए भी हानिकारक है। उन्होंने सभी व्यावसायिक प्रतिष्ठानों को एलपीजी एवं अन्य स्वच्छ ऊर्जा के विकल्प अपनाने के निर्देश दिए। इसके आंवला उन्होंने बिना अनुमति के एवं अवैध रूप से सड़क किनारे सब्जी या अन्य दुकान लगाने वालों पर कार्यवाही के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इससे आवागमन भी बाधित होती है और दुर्घटना की भी आशंका बनी रहती है। कलेक्टर श्री व्यास ने नगरीय क्षेत्रों के सौंदर्यीकरण पर विशेष जोर देते हुए कहा कि शहर को स्वच्छ, सुंदर एवं सुव्यवस्थित बनाने में विशेष ध्यान दें। उन्होंने वॉल पेंटिंग, चौक-चौराहों, पार्कों एवं तालाबों के सौंदर्यीकरण कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण करने के निर्देश दिए। साथ ही जिन स्थलों के लिए सौंदर्यीकरण प्रस्ताव तैयार नहीं हुए हैं, उनके प्रस्ताव शीघ्र तैयार कर प्रस्तुत करने को कहा। कलेक्टर श्री व्यास ने नगर के सार्वजनिक स्थलों पर पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित करने, प्रत्येक ⏭ शेष पेज 4 पर



■ अवैध नल कनेक्शन वैध नहीं कराया तो होगी कार्रवाई: कलेक्टर

## बाल विवाह रुकवाया गया



**जशपुरनगर।** महिला बाल विकास विभाग और पुलिस विभाग की टीम को सूचना मिली की ग्राम-बस्ता,पोस्ट- लोखंडी ,जिला जशपुर में नाबालिग बालिका का विवाह कराया जा रहा था जिसकी सूचना चाइल्ड हेल्पलाइन की टीम एवं महिला एवं बाल विकास विभाग से सुपरवाइजर एवं पुलिस विभाग की टीम द्वारा उक्त स्थान पर पहुंचकर परिजनों को बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 की जानकारी देते हुए बाल विवाह रोका गया तथा परिजनों को समझाइश दिया गया कि 18 वर्ष पूर्ण करने के पश्चात ही विवाह कराया जाए। टीम ने बालिका के शैक्षणिक योग्यता की भी जानकारी ली और बालिका की शिक्षा दीक्षा पर विशेष ध्यान देने के दिए निर्देश।

## सभी चेक पोस्ट पर विशेष निगरानी रखे उड़नदस्ता



**जशपुरनगर।** कलेक्टर रोहित व्यास ने मंगलवार को साप्ताहिक समय सीमा की बैठक ली और आगामी 24 और 25 जनवरी को मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के आगमन के संबंध में अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कोतबा, मयाली में विभिन्न कार्यक्रम प्रस्तावित है। मुख्यमंत्री कोतबा में विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण भूमिपूजन और आम सभा को भी संबोधित करेंगे इसी प्रकार कुनकुरी विकासखंड के मयाली में भी विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होंगे।

■ अवैध धान परिवहन करने वाले कोचियों पर करें कार्रवाई

कलेक्टर ने मुख्यमंत्री के आगमन को देखते हुए लोकार्पण भूमिपूजन की जानकारी उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। और कार्यक्रम की तैयारी सुनिश्चित करने के लिए कहा है। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ अभिषेक कुमार सहायक कलेक्टर अनिकेत अशोक, अपर कलेक्टर प्रदीप कुमार साहू सभी एसडीएम जनपद सीईओ और जिला स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित थे। कलेक्टर ने स्वास्थ्य अधिकारियों को छुटे हुए सभी व्यक्तियों का आयुष्मान कार्ड बनाने के निर्देश दिए हैं। शिक्षा विभाग को सरस्वती सायकल योजना के तहत छात्राओं को योजना का लाभ देने के लिए कहा है। कलेक्टर ने समाज कल्याण विभाग और स्वास्थ्य विभाग को पात्र दिव्यांग व्यक्तियों का यूडीआईडी नम्बर जनरेटर करके दिव्यांग प्रमाण पत्र बनाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि कोई भी दिव्यांग छुटने न पाए इसका विशेष ध्यान रखें। उन्होंने कहा दिव्यांग जनों का पेंशन राशन और शासन की योजना का लाभ देने के लिए कहा है। कलेक्टर ने पेंशन धारी हितग्राहियों का आधार अपडेट करने के लिए कहा है। कलेक्टर ने साप्ताहिक समय सीमा की बैठक में धान खरीदी की प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि जिले के सभी चेक पोस्ट पर उड़नदस्ता टीम बढ़ाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए हैं। उन्होंने कहा कि धान खरीदी के अंतिम चरणों में धान कोचियों लोग धान खरीदी केन्द्रों में अवैध धान खपाने की पूरी कोशिश करेंगे इसके लिए प्रशासनिक अमला को सचेत रहने के निर्देश दिए हैं। और अवैध धान परिवहन करने और खपाने वालों पर कार्रवाई करने के लिए कहा हैं। कलेक्टर ने सभी एसडीएम और खाद्य विभाग, विपणन विभाग, सहकारिता विभाग को धान खरीदी केन्द्रों और चेक पोस्ट पर विशेष निगरानी रखने के निर्देश दिए हैं।

## मनरेगा की कमियों को दूर कर नए कानून से मिलेगी विकास को गति

# विकसित भारत–वीबी जी राम जी से बदलेगा ग्रामीण भारत का भविष्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

विकसित भारत के संकल्प को धरातल पर उतारने के उद्देश्य से "विकसित भारत वीबी जी राम जी अभियान को लेकर जिला भाजपा कार्यालय जशपुर में जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में जनप्रतिनिधियों, संगठन पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

■ जशपुर में जिला स्तरीय कार्यशाला सम्पन्न

कार्यशाला को संबोधित करते हुए रायगढ़ लोकसभा सांसद राधेश्याम राठिया ने कहा कि वीबी जी राम जी देश को विकसित राष्ट्र बनाने में अग्रणी भूमिका निभाएगा। यह योजना केवल रोजगार तक सीमित नहीं है, बल्कि ग्रामीण भारत की तस्वीर बदलने का माध्यम बनेगी। उन्होंने कहा कि विकसित भारत का सपना तभी साकार होगा जब गांव मजबूत होंगे और वीबी जी राम जी उसी दिशा में एक ठोस कदम है। जिला संगठन प्रभारी अमर सुल्तानिया ने कहा कि संगठनात्मक ⏭ शेष पेज 4 पर





### बुनियादी सुविधाओं का विकास

अम्बिकेश केशरी ने कहा कि वीबी जी राम जी केवल मजदूरी योजना नहीं है, बल्कि यह बुनियादी सुविधाओं के विकास, सिंचाई व्यवस्था के विस्तार, ग्राम इंफ्रास्ट्रक्चर को सुदृढ़ करने और स्थायी संपत्तियों के निर्माण का अभियान है। उन्होंने मनरेगा की कमियों की ओर ध्यान दिलाते हुए कहा कि मनरेगा में मजदूरों को महीनों तक भुगतान नहीं मिल पाता था, जिससे गरीब और श्रमिक वर्ग परेशान रहता था। वीबी G राम जी में सरकार ने यह गारंटी दी है कि एक सप्ताह के भीतर मजदूरी सीधे बैंक खाते में भुगतान किया जाएगा। यदि एक सप्ताह के बाद भी भुगतान में देरी होती है, तो ब्याज के साथ भुगतान सुनिश्चित किया जाएगा। यह मजदूरों के सम्मान और अधिकारों की रक्षा का प्रमाण है।उन्होंने कहा कि कांग्रेस को राम नाम से ही चिढ़ है, इसलिए वह इस योजना का विरोध कर रही है, जबकि यह योजना गांव, गरीब और किसान के जीवन में वास्तविक बदलाव लाने वाली है।

### ग्रामीण अंचलों के लिए वरदान

जशपुर विधायक रायमुनी भगत ने कहा कि यह योजना आदिवासी और ग्रामीण अंचलों के लिए वरदान साबित होगी और जशपुर जैसे जिलों में बुनियादी सुविधाओं के विस्तार में अहम भूमिका निभाएगी।



# अजय ने की एआई निर्मित फिल्म बाल तान्हाजी की घोषणा

**मुंबई।** अजय देवगन ने अपनी एक नई फिल्म की घोषणा कर दी है। यह एक एआई निर्मित फिल्म होगी। अजय देवगन साल 2020 में आई अपनी सुपरहिट फिल्म 'तान्हाजीः द अनंसग' वॉरियर की कहानी एक बार फिर लेकर आ रहे हैं। हालांकि, इस बार ये कहानी एक नए अंदाज में पेश की जाएगी। क्योंकि, अजय देवगन और निर्माता दानिश देवगन ने अपने लेंस वॉल्ट स्टूडियोज (एलवीएस) के तहत आई निर्मित फिल्म 'बाल तान्हाजी' की घोषणा की है। 2020 में रिलीज हुई ब्लॉकबस्टर फिल्म 'तान्हाजीः द अनसंग वॉरियर' की ही दुनिया पर आधारित 'बाल तान्हाजी' इस फिल्म की दुनिया को अनछुए पहलुओं की ओर ले जाएगी।

## लाइफ Style


# श्रद्धा

## मेरा संडे आज है, क्या कर लोगे

एजेंसी ▶▶ मुंबई

अभिनेत्री श्रद्धा कपूर ने सोमवार को सोशल मीडिया पर अपनी कुछ फोटोज शेयर की हैं। पोस्ट शेयर कर उन्होंने मजेदार कैप्शन लिखा है, जिस पर नेटिजन्स के रिएक्शन आ रहे हैं। श्रद्धा अपने सोशल मीडिया पोस्ट के साथ फनी कैप्शन लिखने के लिए जानी जाती हैं।

सोमवार को एक बार फिर कुछ ऐसा ही हुआ। उन्होंने अपनी कुछ फोटोज शेयर की हैं। इसके साथ ऐसी बात लिखी है कि उनके फैंस और नेटिजन्स हंसी नहीं रोक पा रहे। दरअसल, श्रद्धा कपूर आज सोमवार को रविवार का लुत्फ उठा रही हैं। रविवार मनाने की जगह श्रद्धा सोमवार को रविवार की छुट्टी मना रही थीं। उन्होंने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से एक पोस्ट शेयर किया है। उन्होंने अपनी दो फोटोज शेयर की हैं, जिनमें मैसी लुक में नजर आ रही हैं। इसके साथ एक्ट्रेस ने कैप्शन लिखा है, 'मेरा संडे आज है, क्या कर लोगे?' श्रद्धा कपूर के इस पोस्ट पर नेटिजन्स के कमेंट्स की झड़ी लग गई है। एक यूजर ने लिखा, 'आखिर हम स्त्री जी का क्या ही बिगाड़ लेंगे'। एक यूजर ने लिखा, 'हम भी संडे मना लेंगे, लेकिन आज वैसे मंडे ही है'। कुछ यूजर्स सवाल भी कर रहे हैं। एक यूजर ने लिखा, 'इतना एआई देख लिया कि अब सब एआई लगता है'। इस पर श्रद्धा ने जवाब दिया है, 'जब सब एआई है तो कुछ एआई नहीं है'। एक यूजर ने लिखा, 'आज मेरा फ्राईडे है'। इस पर एक्ट्रेस ने कहा, 'आपने लाइफ क्रैक कर ली है। बधाई हो'। एक यूजर ने लिखा, 'उदयपुर आओ, बताता हूं'। श्रद्धा ने लिखा है, 'आ रही हूं।



## हॉलीवुड मसाला




# टिमोथी से कर ली सीक्रेट शादी

**नई दिल्ली।** हॉलीवुड में इन दिनों काईली जेनर और टिमोथी चालमेट के रिश्ते को लेकर खूब चर्चा हो रही है। हाल ही में दोनों ने एक साथ गोल्डन ग्लोब अवॉर्ड्स में एक साथ शिरकत की। इस दौरान सभी की नजरें इस कपल पर ही आकर ठहरीं। वैसे भी दोनों अपने रिश्ते को जगजाहिर कर चुके हैं। हालांकि, अब खबरें आ रही हैं कि टिमोथी और काईली शादी के बंधन में बंध चुके हैं। दरअसल, हाल ही में जब दोनों स्टार्स गोल्डन ग्लोब अवॉर्ड्स में पहुंचे तो यहां पर दोनों ने एक दूसरे को किस किया और इसके बाद से दुनियाभर में इस कपल की चर्चा हुई।




# नए सस्पेंस और थ्रिल के साथ लौट रहीं जेंडाया...

**नई दिल्ली।** जिस वेब सीरीज ने जेंडाया को 2 एमी अवॉर्ड्स, एक क्रिटिक्स च्वॉइस अवॉर्ड और एक गोल्डन ग्लोब अवॉर्ड दिलाया है, उस वेब सीरीज के नए सीजन से एक बार फिर हॉलीवुड एक्ट्रेस धमाल मचाने के लिए एकदम तैयार हैं। हम बात कर रहे हैं टॉप रेटेड साइकोलॉजिकल ड्रामा यूफोरिया की जिसका नया सीजन जल्द ही रिलीज होने वाला है। चार साल बाद हॉलीवुड सीरीज यूफोरिया सीजन 3 रिलीज होने जा रहा है। यह एक साइकोलॉजिकल ड्रामा है जिसमें जेंडाया ने मुख्य भूमिका निभाई है। अब सीरीज में नए पहलू के साथ जेंडाया की वापसी हुई है। यूफोरिया सीजन 3 का ट्रेलर जारी किया गया है जो सस्पेंस, थ्रिल और एक्शन से भरपूर है। सीजन 3 की कहानी जेंडाया और बाकी बच्चों के एडल्टहुड के इर्द-गिर्द घूमने वाली है।



# पुष्पा-2 हुई जापान में रिलीज, मिले तोहफे

**मुंबई।** अल्लू अर्जुन और रश्मिका मंदाना 2024 की ब्लॉकबस्टर फिल्म 'पुष्पा 2ः द रूल' के प्रमोशन के लिए जापान गए थे। यह फिल्म जापान में 16 जनवरी को रिलीज हुई। इस दौरान फैंस ने रश्मिका मंदाना को ढेर सारी चिट्ठियां और खूबसूरत तोहफे दिए। घर लौटने के बाद जब उन्होंने इन सभी तोहफों को देखा और चिट्ठियां पढ़ीं तो वह भावुक हो उठीं। साल 2024 में रिलीज हुई अल्लू अर्जुन स्टारर फिल्म 'पुष्पा 2ः द रूल' का डंका अभी भी बज रहा है। इस मूवी का 16 जनवरी को जापान में प्रीमियर हुआ। इस मौके पर एक्टर के साथ एक्ट्रेस रश्मिका मंदाना भी नजर आईं। और उन्होंने इंस्टाग्राम पर वहां की कुछ झलकियां फैंस के साथ शेयर कीं। इसके साथ ही लंबा-चौड़ा एक कैप्शन भी लिखा। वहां के लोगों का आभार जताया।



# भगवान खाटू श्याम पर बन गई है फिल्म

**मुंबई।** नीम करोली बाबा पर एआई की मदद से कई भाषाओं में सीरीज बन रही है और इसी बीच भगवान खाटू श्याम पर एआई से पहली फिल्म बनाई गई है। सिंगर कन्हैया मित्तल ने इसे बनाया है और कुछ दिन पहले टीजर भी रिलीज किया था। सिंगर कन्हैया लाल मित्तल, 7 साल की उम्र से भजन गा रहे थे और भगवान खाटू श्याम को बहुत मानते हैं। इस फिल्म के जरिए खाटू श्याम भगवान की कथाओं के अलावा कई और चीजों के बारे में बताया जाएगा। दो हफ्ते पहले ही फिल्म का टीजर रिलीज किया गया था, जिसका नाम 'जय जय बाबा श्याम' रखा गया है। खाटू श्याम भगवान पर बनी एआई फिल्म के जरिए यह बताना चाहते थे कि उनका पिछला जन्म कैसा था, उनका पुनर्जन्म, उनकी कथाएं और साथ ही ये कि क्यों खाटू श्याम को हारे का सहारा कहा जाता है।

## टीवी मसाला

# पता नहीं लौटूंगी या नहीं, नेहा ने अचानक काम से बनाई दूरी

**नई दिल्ली।** 'इंडियन आइडल' की जज और सिंगर नेहा कक्कड़ ने फैंस को चौंका दिया है और उन्होंने घोषणा की है कि वो कुछ दिनों के लिए काम से ब्रेक ले रही हैं। इतना ही नहीं, नेहा ने अपनी पर्सनल लाइफ की दिक्कतों को लेकर भी हिंट दिया है और कहा कि वो रिश्तों से भी ब्रेक पर हैं। 'इंडियन आइडल' की जज और सिंगर नेहा कक्कड़ ने अचानक फैंस को चौंका दिया है। अपने गाने 'कैंडी शॉप' को लेकर कुछ ही हफ्तों तक जमकर ट्रोलिंग और आलोचना झेलने के बाद नेहा कक्कड़ ने घोषणा की है कि वह कुछ समय के लिए लाइमलाइट से दूर रहेंगी। सिंगर ने बताया कि वह अपनी निजी और प्रोफेशनल लाइफ, यहां तक कि 'रिश्तों' से भी ब्रेक ले रही हैं, और उन्होंने यह भी कहा कि उन्हें पक्का नहीं पता कि वह वापसी करेंगी या नहीं। सोमवार को नेहा कक्कड़ ने इंस्टाग्राम स्टोरीज पर घोषणा की कि वह 'जिम्मेदारियों, रिश्तों और काम' से ब्रेक ले रही हैं। उन्होंने इंस्टा स्टोरी में लिखा, 'अब जिम्मेदारियों, रिश्तों, काम और उन सभी चीजों से कुछ समय के लिए ब्रेक लेने का समय है जिनके बारे में मैं अभी सोच सकती हूं। पता नहीं मैं वापस आऊंगी या नहीं। धन्यवाद। उन्होंने एक बार फिर पोस्ट करके पपाराजी से अनुरोध किया कि वे उनकी वीडियो न बनाएं। उन्होंने लिखा, 'मैं पपाराजी और फैंस से अनुरोध करती हूं कि वे मेरी वीडियो न बनाएं। मुझे उम्मीद है कि आप मेरी निजता का सम्मान करेंगे और मुझे इस दुनिया में स्वतंत्र तरीके से जीने देंगे। कृपया कैमरे न लगाएं। मेरा आपसे अनुरोध है। मेरी शांति के लिए आप सब इतना तो कर ही सकते हैं।'



## जूनियर क्रिकेटर्स को धमकाते थे युवराज

**नई दिल्ली।** 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' के नए एपिसोड का झलक दिख चुकी है और इसमें क्रिकेटर्स वीरेंद्र सहवाग, मोहम्मद कैफ और युवराज सिंह नजर आने वाले हैं। तीनों ने अपनी जिंदगी के मजेदार किस्से सुनाए। युवराज सिंह और सहवाग की बातें तो आपको लोटपोट कर देंगी। ' कपिल ने युवराज सिंह और मोहम्मद कैफ के क्रिकेट सफर की भी तारीफ की। बाद में, कॉमेडियन ने युवराज से जूनियर क्रिकेटरों को धमकाने के आरोपों के बारे में पूछा। उन्होंने रोहित शर्मा का एक पुराना वीडियो दिखाया, जिसमें रोहित शर्मा युवराज से अपनी पहली मुलाकात के बारे में बता रहे थे। यह वीडियो देखकर सब हंस पड़े। वीडियो में रोहित ने कहा, 'जब मैं पहली बार क्रिकेट बस में बैठा, तो मुझे नहीं पता था कि सीनियर खिलाड़ियों के लिए सीटें तय होती हैं। मैं गलती से युवराज सिंह की सीट पर बैठ गया और उसने मुझे जो घूरकर देखा, वो क्या था! उसके बाद मैं कभी वहां नहीं बैठा।'



# एक-दूजे के इश्क में डूबे नजर आए सिद्धांत और मृणाल...

**मुंबई।** फिल्म 'दो दीवाने सहर में'का रोमांटिक टीजर रिलीज हो चुका है। इसके टीजर में सिद्धांत चतुर्वेदी और मृणाल ठाकुर की लव केमिस्ट्री देखने को मिली। संजय लीला भंसाली के भंसाली प्रोडक्शंस और जी स्टूडियोज के बैनर तले बनी यह फिल्म इस वैलेंटाइन वीक पर रिलीज होगी। टीजर में मेकर्स ने दावा किया है कि इस बार प्यार के मौसम में इस 'इस्क' से 'इस्क' हो जाएगा। 'मॉम' जैसी फिल्म बना चुके निर्देशक रवि उदयावर ने इस फिल्म का निर्देशन किया है। 'दो दीवाने सहर' के टीजर की शुरुआत बैकग्राउंड में बज रहे फिल्म 'घरौंदा' के मशहूर गाने 'दो दीवाने शहर में' से होता है। इसलिए, यह थोड़ा अनोखा है। टीजर की शुरुआत में मृणाल और सिद्धांत रोमांटिक अंदाज में नजर आते हैं, लेकिन टीजर के आखिर के कुछ सेकेंड में यह प्रेम कहानी दर्द के एहसास में बदलती दिखाई देती है। करीब 1 मिनट के टीजर में इसमें प्यार और दर्द दोनों को दिखाया गया है। निर्माताओं ने आज 'दो दीवाने सहर में' का टीजर शेयर किया। टीजर के साथ निर्माताओं ने कैप्शन में लिखा, 'क्योंकि हर 'इस्क' परफेक्ट नहीं होता, पर काफी होता है। इस शहर की एक ऐसी ही अधूरी लेकिन पूरी प्रेम कहानी के साक्षी बनिए।' 'दो दीवाने सहर में' को अभिरुचि चंद ने लिखा और रवि उदयवार ने निर्देशित किया है। यह एक रोमांटिक ड्रामा फिल्म है। फिल्म का निर्माण संजय लीला भंसाली, प्रेरणा सिंह, उमेश कुमार बंसल और भरत कुमार रंगा ने जी स्टूडियोज, रैनकॉर्प मीडिया और भंसाली प्रोडक्शंस के बैनर तले किया है। यह फिल्म 20 फरवरी 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। फिल्म में सिद्धांत चतुर्वेदी और मृणाल ठाकुर मुख्य भूमिका में हैं।



# पूरे वीक होगा महा मनोरंजन, थिएटर्स से ओटीटी तक रिलीज होंगी ये नई फिल्में और सीरीज...







**नई दिल्ली।** सोमवार 19 जनवरी से नए सप्ताह की शुरुआत हो गई है। इस वीक कई नई फिल्में थिएटर्स में रिलीज होंगी, जिनमें सबसे ज्यादा चर्चा 'बॉर्डर 2' की हो रही है। मगर, ओटीटी पर भी काफी कुछ खास आने वाला है। कई दिलचस्प फिल्में और सीरीज इस वीक ओटीटी पर दस्तक देंगी। हम आपके लिए 19 से लेकर 25 जनवरी तक रिलीज होने वाले लेटेस्ट थ्रिलर की लिस्ट लेकर आए हैं, जिन्हें आप सिनेमाघरों से लेकर ओटीटी प्लेटफॉर्म तक आसानी से देख सकते हैं।

**गुस्ताख इश्क :** विजय वर्मा और फातिमा सना शेख अभिनीत फिल्म गुस्ताख इश्क 28 नवंबर 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। अब यह फिल्म ओटीटी पर दस्तक देने जा रही है। 'गुस्ताख इश्क' 23 जनवरी से जियो हॉटस्टार पर स्ट्रीम होगी। इस फिल्म का निर्देशन विभु पुरी ने किया है। इसमें नसीरुद्दीन शाह और शारिब हाशमी जैसे सितारे भी हैं।

**तेरे इश्क में :** कृति सेनन और धनुष अभिनीत फिल्म 'तेरे इश्क में' बीते वर्ष नवंबर में सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। फिल्म का निर्देशन आनंद एल राय ने किया है। अब इस सप्ताह यह फिल्म ओटीटी पर आ रही है। 'तेरे इश्क में' 23 जनवरी से नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगी। इस फिल्म में प्रकाश राज, प्रियांशु पैन्युली और तोता रॉय चौधरी जैसे सितारे हैं।

**मार्क :** कन्नड़ फिल्म मार्क भी सिनेमाघरों के बाद अब ओटीटी पर आ रही है। यह फिल्म 25 दिसंबर, 2025 को रिलीज हुई थी। वहीं, अब यह डिजिटल प्लेटफॉर्म पर दस्तक देने वाली है। यह फिल्म 23 जनवरी से जियो हॉटस्टार पर उपलब्ध होगी। इस फिल्म में किच्चा सुदीप का लीड रोल है। उनके अलावा शाइन टॉम चाको, नवीन चन्द्र, विक्रांत और योगी बाबू जैसे कलाकार भी नजर आएंगे।

**स्पेस जेन : चन्द्रयान** - यह स्पेस साइंस ड्रामा सीरीज भी इस सप्ताह की ओटीटी लिस्ट में शामिल है। यह 23 जनवरी से ओटीटी प्लेटफॉर्म जियो हॉटस्टार पर स्ट्रीम होगी। इस सीरीज के क्रिएटर अरुणाभ कुमार हैं। इसमें श्रिया सरन, गोपाल दत्त, नकुल मेहता, प्रकाश बेलावाड़ी और दानिश सैत जैसे सितारे हैं।

**सिराई और इट्स नॉट लाइक दैट :** इसके अलावा तमिल क्राइम कोर्टरूम ड्रामा फिल्म भी इस सप्ताह की ओटीटी लिस्ट में है। 23 जनवरी से जी5 पर स्ट्रीम होगी। वहीं अमेरिकी ड्रामा सीरीज 'इट्स नॉट लाइक दैट' की भी काफी चर्चा हो रही है, जो 25 जनवरी से प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम होगी।

## गुडलुक्स पर लड़कियां थीं फिदा, खून भरी मांग रही कॅरियर की यादगार फिल्म

# 80 के दशक में दर्शकों का दिल जीतने वाला विलेन

***नई दिल्ली।*** *70 और 80 के दशक में कई स्टार्स ऐसे आए जिन्होंने अपनी एक अलग पहचान बनाई और ये पहचान सिर्फ हिंदी सिनेमा तक ही सीमित नहीं रही बल्कि ये पहचान इंटरनेशनल लेवल तक गई। आज हम आपको एक ऐसे एक्टर की कहानी बताएंगे जो पर्दे पर हीरो बना तो विलेन बनकर भी उसने लोगों का दिल जीता। उसके गुडलुक्स पर लड़कियां फिदा थीं और यही वजह है कि निजी जीवन में उस एक्टर ने 4 बार शादियां कीं।*



### फिल्मों में आकर छा गए

16 जनवरी 1946 को पंजाब में हुआ था। कबीर बेदी को शुरू से ही एक्टर और मॉडल बनने का शौक था। लंबी कद-काठी वाले कबीर बेदी धीरे-धीरे मॉडलिंग की तरफ बढ़े और फिर हिंदी सिनेमा में आ गए। मॉडलिंग और विज्ञापनों में काम करते-करते कबीर बेदी को साल 1971 में पहली फिल्म हलचल में काम करने का मौका मिला और ये उनकी डेब्यू फिल्म बनी। इसके बाद वो साल 1973 में फिल्म कच्चे धागे में नजर आए और इस फिल्म से हिट हो गए। इस फिल्म के बाद वो कई फिल्मों में नजर आए। हालांकि ज्यादातर फिल्मों में वो विलेन बनकर ही दिखे। साल 1988 में रेखा के साथ आई फिल्म खून भरी मांग उनके कॅरियर की यादगार फिल्म रही है।

### हॉलीवुड में भी बनाई पहचान

कबीर बेदी सिर्फ हिंदी सिनेमा तक सीमित नहीं रहे। उनके लुक्स के चलते उन्होंने हॉलीवुड में भी काम किया। इटली की टीवी सीरीज 'सैंडोकन' में भी उन्होंने काम किया। इस टीवी शो में वो समुद्री डाकू के किरदार में नजर आए। ये शो पूरे यूरोप में इतना हिट हुआ कि कबीर बेदी वहां के 'नेशनल हीरो' तक बन गए। इटली की सरकार ने उन्हें अपने सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'ऑर्डर ऑफ मेरिट' से भी नवाजा। इसके अलावा उन्होंने जेम्स बॉन्ड के साथ भी काम किया। साल 1983 में वो बॉन्ड सीरीज का हिस्सा बने। इस फिल्म में उनके और रॉजर मूर (**Roger Moore**) के फाइट सीन्स की खूब चर्चा हुई। कबीर बेदी ऐसे पहले भारतीय थे जिन्होंने जेम्स बॉन्ड फिल्म में मेन विलेन 'गोबिंदा' का किरदार निभाने का मौका मिला था।



### 70 साल की उम्र में चौथी बार बने दूल्हा

तीन शादियां और एक गर्लफ्रेंड से रिश्ता टूटने के बाद कबीर बेदी की जिंदगी में दस्तक दी परवीन दुसांझ ने। परवीन और कबीर बेदी लंबे समय तक दोस्त रहे लेकिन अपने 70वें जन्मदिन से पहले कबीर ने परवीन दुसांझ को अपना हमसफर बना लिया और दोनों की इस शादी ने इंटरनेट पर खूब चर्चा बटोरी। बड़ी बात ये है कि कबीर से परवीन दुसांझ पूरे 30 साल छोटी हैं। जब परवीन और कबीर बेदी की शादी हुई तब परवीन की उम्र 45 वर्ष की थी। दोनों शादी से पहले करीब 10 साल तक रिलेशनशिप में रहे और फिर दोनों ने साल 2016 में शादी करके सबको चौंका दिया। कबीर बेटी की बेटी पूजा बेदी से भी उनकी चौथी बीवी छोटी हैं।

**3 बीवियों से हुए अलग, परवीन बाबी से जुड़ा नाम :** कबीर बेदी प्रोफेशनल से ज्यादा पर्सनल लाइफ के लिए चर्चा में रहे। साल 1969 में कबीर बेदी ने पहली शादी डांसर प्रोतिमा बेदी से की थी। इस शादी से दोनों को दो बच्चे पूजा बेदी और बेटा सिद्धार्थ हुए। इस शादी के कुछ वक्त बाद ही दोनों अलग हो गए। इसके बाद कबीर और प्रोतिमा के बेटे सिद्धार्थ ने खुदकुशी कर ली थी। इसके बाद प्रोतिमा भी एक हादसे में चल बसीं। इसके बाद कबीर बेदी का नाम एक्ट्रेस परवीन बाबी के साथ भी जुड़ा। हालांकि ये रिश्ता भी ज्यादा दिन नहीं चला। इसके बाद कबीर ने ब्रिटिश फैशन डिजाइनर सुसैन हम्फ्रेस से शादी कर ली। दोनों का एक बेटा भी हुआ, हालांकि ये शादी भी टूट गई। तीसरी शादी कबीर बेदी ने टीवी प्रेजेंटर निक्की से की।

## खबर संक्षेप

### मानिक प्रकाशपुर में हुई आयुर्वेद संघ की जिला स्तरीय बैठक

**धौरपुर।** आयुर्वेद वैद्य संघ की जिला स्तरीय बैठक मानिक प्रकाशपुर में आयोजित की गई। बैठक में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से करीब 200 से अधिक



आयुर्वेद वैद्यों ने सहभागिता की। बैठक का मुख्य उद्देश्य संगठनात्मक मजबूती के साथ आयुर्वेद वैद्यों को एकजुट कर लोगों को सुलभ और प्रभावी आयुर्वेदिक उपचार उपलब्ध कराना रहा। बैठक में सर्वसम्मति से लुंड्रा क्षेत्र के उमरडीह निवासी सुरेश कुमार सोनी को आयुर्वेद वैद्य संघ का जिला अध्यक्ष चुना गया। वहीं लखनपुर निवासी सागर दास को उपाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी सौंपी गई। नवनिर्वाचित जिला अध्यक्ष सुरेश कुमार सोनी पिछले 20 वर्षों से जड़ी-बूटियों के माध्यम से विभिन्न रोगों का सफल उपचार कर रहे हैं और क्षेत्र में उनकी एक अलग पहचान है। इस अवसर पर सुरेश कुमार सोनी ने कहा कि जिले के जंगलों में आयुर्वेदिक औषधियों का अपार भंडार मौजूद है, जिनके माध्यम से गंभीर से गंभीर बीमारियों का भी प्रभावी इलाज संभव है। उन्होंने कहा कि आयुर्वेदिक दवाओं का सही तरीके से उपयोग करने से शरीर पर किसी प्रकार का दुष्प्रभाव नहीं होता, जबकि कई बार एलोपैथिक दवाओं से अन्य समस्याएं उत्पन्न हो जाती हैं। बैठक में वैद्यों ने संगठन को और अधिक मजबूत बनाने और आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति को जन-जन तक पहुंचाने के लिए मिलकर कार्य करने का संकल्प लिया।

### हृदय रोग से पीड़ित बच्ची का हुआ सफल उपचार, बच्ची से मिलने पहुंचे सीएमएचओ

**सूरजपुर।** सीएमएचओ डॉ. कपिल देव पैकरा एवं जिला कार्यक्रम प्रबंधक द्वारा विकासखंड प्रेमनगर के ग्राम नवापारा कला में हृदय रोग से पीड़ति बच्ची



आल्या आ. धन साय के निवास पर गृह भ्रमण किया गया। उल्लेखनीय है कि बच्ची का सफल निःशुल्क ऑपरेशन राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के माध्यम से सत्य साईं संजीवनी हॉस्पिटल रायपुर में कराया गया था। गृह भ्रमण के दौरान स्वास्थ्य अधिकारियों द्वारा बच्ची का आवश्यक स्वास्थ्य परीक्षण किया गया तथा परिजन से बच्ची के वर्तमान स्वास्थ्य की जानकारी ली गई। जांच में बच्ची पूर्णतः स्वस्थ पाई गई। उपचार से संतुष्ट परिजन संतुष्ट नजर आए। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर के निर्देशानुसार जिले के हृदय रोग से पीड़ति बच्चों को सत्य साईं संजीवनी हॉस्पिटल रायपुर के सहयोग से निःशुल्क इलाज की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। इस पहल से जिले के जरूरतमंद बच्चों को समय पर उच्चस्तरीय चिकित्सा सुविधा मिल रही है, जिससे उनके जीवन को नई दिशा मिल रही है।

### ग्राम पंचायत नैनपुर से की गई मनरेगा बचाओ अभियान की शुरुआत



**सूरजपुर।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में 'मनरेगा बचाओ' अभियान की शुरुआत ग्राम पंचायत नैनपुर से की गई। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ग्रामीणों को मनरेगा के तहत उनके रोजगार के अधिकारों के प्रति जागरूक करना और भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ आवाज उठाना है। ब्लॉक अध्यक्ष जफर हैदर, मंडल अध्यक्ष वीरेंद्र मिश्रा, मुस्तफा खान और मंडल के सभी पदाधिकारी सक्रिय है।

### मंदिर के दान पेटी से पैसे चुराने वाले आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**सूरजपुर।** मंदिर के दान पेटी का ताला तोड़ कर रुपए पार करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय पेश किया जहां से उसे



जेल भेज दिया गया है। पुलिस के मुताबिक केतका रोड़ निवासी अवधेश गोयल ने कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराया था कि 21 दिसंबर की सुबह गायत्री मंदिर के पुजारी ने फोन कर कर बताया कि रात्रि में मंदिर के पीछे का दरवाजा एवं दान पेटी का ताला तोड़ कर करीब 5 हजार रूपये को चोर चोरी कर ले गया है। रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात के विरूद्ध धारा 305(ए), 331(4) के तहत अपराध दर्ज कर तलाश शुरू कर दी। इसी बीच पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर संदेही जेल पारा निवासी रोहित अगरिया आ. राजू अगरिया को पकड़ा। पूछताछ में आरोपी ने पैसे की जरूरत पर मंदिर व दान पेटी का ताला तोड़कर रकम चोरी करने की बात बताई। पुलिस ने आरोपी के निशानदेही पर चोरी के 400 रुपये नगदी जब्त किया। शेष रकम खाने-पीने में खर्च कर दिया था।

### कीटनाशक पीने से गंभीर महिला की गई जान

**अम्बिकापुर।** बलरामपुर थाना अंतर्गत गणेशपुर पुटसुरा निवासी सुतली देवी पति स्व. भूर बिगन (45 वर्ष) बेटा से अलग घर के पास ही दूसरे घर में रहती थी। 16 जनवरी की शाम पुत्र उमेश मक्का फसल में पानी पटाने के लिए पंप चालू कर घर आया और सो गया। देर रात मक्का फसल देने के जाने के दौरान ही मां के कमरे से पंखा चलने की आवाज सून किसी तरह दरवाजा खोल तो देखा कमरे में कीटनाशक की गंध आने तथा मां को तड़पते देख तत्काल बलरामपुर अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने महिला की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां उपचार के दौरान महिला महिला की मौत हो गई।

एक घंटे तक प्रभावित रहा आवागमन, समझाइश के बाद शांत हुआ मामला

# टोकन नहीं कटने से फिर भड़का किसानों का आक्रोश, किया राष्ट्रीय राजमार्ग जाम



एनएच पर विरोध प्रदशन करते किसान।

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजपुर

धान खरीदी के अंतिम दौर में टोकन नहीं कटने से नाराज किसानों का आक्रोश भड़क उठा। लगातार आश्वासन मिलने के बाद भी वयवस्था में सुधार नहीं होने से नाराज किसानों ने मंगलवार को तीसरी बार आन्दोलन किया। इस दौरान किसानों ने सुबह 10.30 बजे राष्ट्रीय राजमार्ग 343 पर स्थित धान खरीदी केंद्र के सामने चक्का जाम कर दिया। इस चक्का जाम और आन्दोलन से आवागमन ठप हो गया। आन्दोलन के कारण लगभग एक घटने एनएच पर यातायात प्रभावित रहा। धरना प्रदर्शन और चक्का जाम करने वाले किसानों का कहना है कि समितियों में लिमिट नहीं बढ़ने से किसानों टोकन नहीं कट पा रहे है। 12 जनवरी को तहसीलदार कावेरी मुखर्जी से हुई चर्चा में खरीदी की लिमिट बढ़ाने पर टोकन समस्या समाप्त होने का आश्वासन दिया गया था। इसके बाद किसानों ने खरीदी केंद्र के पंजी में अपने नाम दर्ज कराए लेकिन लिमिट बढ़ने के बावजूद पंजी में दर्ज किसानों के टोकन क्रमवार नहीं कट पाए, जिससे उनमें आक्रोश व्याप्त हो गया। मौके पर पहुंचीं तहसीलदार कावेरी मुखर्जी ने बताया कि राजपुर धान खरीदी केंद्र की लिमिट बढ़ाने के लिए शासन स्तर पर पुनः प्रस्ताव भेजा जा रहा है। वहीं, राजपुर थाना प्रभारी भारद्वाज सिंह ने किसानों को आश्वस्त किया कि पंजी में दर्ज किसानों के टोकन क्रमवार काटे जाएंगे तथा धान खरीदी केंद्र में सहयोग के लिए पुलिस प्रतिनिधि की तैनाती की जाएगी। प्रशासनिक आश्वासन के बाद किसानों ने चक्का जाम समाप्त किया। किसानों ने स्पष्ट कहा कि यदि समय पर धान की खरीदी नहीं होती है तो उन्हें आर्थिक संकट का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने मांग की कि सरकार उनका धान खरीदे या फिर उनका कर्ज माफ किया जाए। उल्लेखनीय है कि इससे पहले भी 19 दिसंबर को चक्का जाम तथा 5 जनवरी को किसानों द्वारा एसडीएम कार्यालय का घेराव किया जा चुका है। चक्का जाम की सूचना पर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष नीरज तिवारी भी मौके पर पहुंचे और किसानों के आंदोलन को समर्थन दिया।

**खास बात**

■ धान नहीं बिकने पर तीसरी बार किया आंदोलन

#### किया जाएगा निराकरण

इस सप्ताह का टोकन कट चुका है, 27 और 28 जनवरी का टोकन नहीं कट पा रहा है इस कारण उन्हें समस्या हो रही है। उक्त संबंध में उच्च अधिकारियों को अवगत कराया गया है जिसका निराकरण एक-दो दिवस में कर लिया जाएगा। प्रयास कर रहे हैं बच्चे सभी किसानों का समस्या का समाधान हो जाएगा।

-**कावेरी मुखर्जी**, तहसीलदार राजपुर

## धान खरीदी बंद होने पर कांग्रेसियों ने कुंदीकला में मचाया हंगामा

**धौरपुर।** धान उपार्जन केंद्र कुंदीकला में संग्रहित धान के सत्यापन में मिली कमी के बाद प्रशासनिक टीम द्वारा उपार्जन केंद्र को सील करने के विरूद्ध कांग्रेसियों ने जमकर हंगामा मचाया। प्रदर्शनकारियों ने संग्रहण केंद्र को सील करने से धान खरीदी बंद होने एवं टोकन के लिए किसानों के लगातार भटकने के मुद्दे पर प्रशासन पर किसानों को परेशान करने का आरोप लगाया तथा तत्काल धान खरीदी प्रारम्भ कराने की मांग की।

■ तहसीलदार ने शुरू कराई धान खरीदी

चार दिन पूर्व जिला प्रशासन की प्रशासनिक टीम ने नायब तहसीलदार निखिल श्रीवास्तव के नेतृत्व में उपार्जन केन्द्र कुंदी कला में खरीदे गए धान का सत्यापन किया। सत्यापन में 8500 बोरी कम धान होने की बात कह उपार्जन केंद्र को सील कर दिया गया। टीम द्वारा उपार्जन केन्द्र को सील करने से धान खरीदी बंद हो गई है तथा किसान टोकन के लिए भटक रहे हैं। किसानों की समस्याओं के विरोध में युकां के कार्यकर्ताओं ने जमकर हंगामा मचाया तथा तत्काल धान खरीदी प्रारम्भ करने की मांग की। सूचना पर पहुंची तहसीलदार ने कार्यकर्ताओं को शांत कराया एवं धान खरीदी प्रारंभ करने के निर्देश दिए। इस दौरान युकाइयों ने प्रशासनिक टीम पर उपार्जित धान का सत्यापन किसी के दबाव में करने एवं सभी स्टेक की गिनती में कम धान मिलने का मनगढ़ंत आंकड़ा तैयार करने का आरोप लगाया तथा पुनः सभी स्टेक के बोरियों की गणना कराने की मांग की। पदाधिकारियों ने बताया नायब तहसीलदार द्वारा भौतिक सत्यापन में 8500 बोरी धान कम मिलने की बात कही थी जबकि जिला स्तरीय टीम ने धान बोरियों की गणना की तो 4101 बोरी कम होने की जानकारी दी। तीसरे स्टेक की बोरियों की गिनती में खाद्य निरीक्षक द्वारा गलती की गई है। प्रशासन द्वारा खरीदे गए संपूर्ण धान बोरियों की गणना पुनः ठीक तरीके से कराना चाहिए। धरना-प्रदर्शन उपरांत प्रशासनिक अमले ने तत्काल धान खरीदी प्रारम्भ कराई। इस दौरान ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष प्रदीप गुप्ता, विष्णु यादव, अभय तिवारी, बालिक राम, रामू साय सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं क्षेत्र के किसान उपस्थित थे।



विरोध प्रदर्शन करते कांग्रेसी।

## आधार कार्ड फुटबॉल प्रतियोगिता में शिवसागरपुर बना विजेता

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनगरा

ग्रामीण खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से सोनगरा मिनी स्टेडियम में आधार कार्ड फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता के अंतिम दिन खेल, संस्कृति और जनभागीदारी का अद्भुत संगम देखने को मिला। प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले में शिवसागरपुर एवं सेंधोंपारा की मजबूत टीमों के बीच रोमांचक संघर्ष देखने को मिला।

दोनों ही टीमों ने शुरू से अंत तक आक्रामक एवं संतुलित खेल का प्रदर्शन किया। निर्धारित समय तक कोई भी टीम निर्णायक बढ़त नहीं बना सकी और मुकाबला बराबरी पर समाप्त हुआ। इसके पश्चात पेनाल्टी शूटआउट के माध्यम से विजेता का निर्णय किया गया। पेनल्टी शूटआउट में शिवसागरपुर की टीम ने अपने चारों अवसरों को गोल में तब्दील किया, जबकि सेंधोंपारा की टीम एक ही गोल कर सकी। इस प्रकार शिवसागरपुर ने 4–1 से जीत दर्ज कर प्रतियोगिता अपने नाम की। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार शिवसागरपुर टीम के गोलकीपर मधुसूदन को प्रदान किया गया। पूरे टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन के लिए सेंधोंपारा टीम के खिलाड़ी राजाराम को मैन ऑफ द सीरीज का खिताब दिया गया। मैन ऑफ द सीरीज का पुरस्कार ग्राम पंचायत सोनगरा सरपंच कृष्णा सिंह ने प्रदान किया। विजेता टीम को 8 हजार रुपए एवं उपविजेता टीम को 4 हजार रुपए व शील्ड देकर सम्मानित किया गया। मैच को निष्पक्ष एवं सुचारू रूप से संपन्न कराने में रेफरी ललित, भागवत सिंह, रूपेश एवं बिट्टू की अहम भूमिका रही। इस दौरान जनपद पंचायत सदस्य राजेश पोर्ते, शिवनंदन पैकरा, सरपंच कृष्णा सिंह, मंडल उपाध्यक्ष शरद चंद्र द्विवेदी, बालेश्वर सिंह, विजय सोनी, राकेश राजवाड़े, सोमारसाय सिंह, गोवर्धन सिंह मरकाम, अनुराग द्विवेदी, पारस सिंह, पीतांबरी पैकरा, शिवशंकर सिंह, श्यामाचरण, राम सिंह, पवन बरगाह, सुखदेव, पवन राम, बईगा मुन्ना सिंह, विनोद सिंह, मूलधर सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।



### युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या, मर्ग कायम

**बलरामपुर।** युवक ने बीती रात फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। इस मामले में पुलिस मर्ग कायम कर घटना की जांच कर रही है। बताया जा रहा है कि थाना अंतर्गत ग्राम जमुआटांड निवासी 26 वर्षीय मंजय सिंह आ. अहिबरन सिंह ने 19 जनवरी की रात लगभग 9 बजे अपने घर में ही कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजन ने युवक का शव फांसी पर लटके देखा और पुलिस को इसकी सूचना दी। सूचना के बाद मंगलवार को पुलिस ने पंचनामा व पीएम उपरान्त शव परिजन के सुपुर्द कर दिया है और मर्ग कायम कर घटना की जांच चल रही है। फिलहाल युवक की आत्महत्या के कारणों का पता नहीं चल सका है। परिजन का कहना है कि युवक के शादी की चर्चा चल रही थी और शादी संबधित मामलों को लेकर ही युवक अवसाद में था।




### भाजपा को मिलेगा नया संगठनात्मक बल : अग्रवाल

**अम्बिकापुर।** वरिष्ठ नेता नितिन नबीन को पार्टी का राष्ट्रीय अध्यक्ष नियुक्त किए जाने पर कैबिनेट मंत्री राजेश अग्रवाल के बंगले में कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों ने मिठाई बांटी व आतिशबाजी कर जश्न मनाया। इस दौरान मंत्री श्री अग्रवाल ने कहा कि नितिन नबीन का राष्ट्रीय अध्यक्ष बनना केवल एक संगठनात्मक निर्णय नहीं, बल्कि राष्ट्रवादी विचारधारा, सुशासन एवं विकास के संकल्प को और अधिक मजबूती देने वाला कदम है। उनके नेतृत्व में भाजपा जन-जन की आकांक्षाओं को नई ऊर्जा के साथ आगे बढ़ाएगी तथा आगामी चुनावों में ऐतिहासिक सफलता अर्जित करेगी। इस दौरान बड़ी संख्या में पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### नितिन का नेतृत्व कार्यकर्ताओं को बनाएगा ऊर्जावान : जायसवाल

**रामानुजगंज।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद पर नितिन नवीन के सर्वसम्मति से निर्वाचित होने पर भाजपा



जिलाध्यक्ष ने यशस्वी कार्यकाल की कामना की। जिलाध्यक्ष ने कहा कि मजबूत संगठन, स्पष्ट नेतृत्व और राष्ट्र सेवा के संकल्प के साथ राष्ट्रीय अध्यक्ष की निर्वाचन प्रक्रिया में छत्तीसगढ़ की सहभागिता केवल एक औपचारिक प्रक्रिया नहीं, बल्कि संगठनात्मक एकता, अनुशासन और लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति भारतीय जनता पार्टी की अटूट प्रतिबद्धता का सशक्त प्रतीक है। उन्होंने कहा कि नवीन का नेतृत्व कार्यकर्ताओं को ऊर्जावान बनाएगा और पार्टी के आदर्शों को ऊंचाई प्रदान करेगा।

## नितिन नबीन के भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने पर सरगुजा में जश्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर



नितिन नबीन के निर्विरोध भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष चुने जाने पर सरगुजा के कार्यकर्ताओं में उल्लास का माहौल है। घड़ी चौक पर भाजपा प्रदेश महामंत्री अखिलेश सोनी एवं जिला अध्यक्ष भारत सिंह सिसोदिया के साथ पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने पटाखे फोड़े और एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशियां मनाई। इस दौरान प्रदेश महामंत्री श्री सोनी ने कहा कि नितिन नबीन के निर्विरोध अध्यक्ष चयन कार्यकर्ताओं के लिए गर्व का विषय है। भाजपा ही एकमात्र ऐसा दल है जहा एक सामान्य कार्यकर्ता संगठन के सर्वोच्च पद तक पहुंच सकता है। हम सबके साथ कार्यकर्ता के रूप में कार्य करने वाले नितिन नबीन इसके उदाहरण है। जिलाध्यक्ष श्री सिसोदिया ने कहा कि नितिन नबीन का राष्ट्रीय अध्यक्ष बनना प्रत्येक कार्यकर्ता की जीत है। यह चयन संगठन की लोकतांत्रिक और कार्यकर्ता प्रधान परंपरा को सशक्त करता है। उनके नेतृत्व में भाजपा राष्ट्र निर्माण के अपने संकल्प को और मजबूती से आगे बढ़ाएगी। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री विनोद हर्ष ने किया। इस दौरान हरपाल सिंह भामरा, महापौर मंजूषा भगत, पूर्व जिलाध्यक्ष ललन प्रताप सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष निरूपा सिंह, प्रदेश महामंत्री फूलेश्वरी सिंह, पूर्व सांसद कमलभान सिंह, अम्बिकेश केशरी, हरमिंदर सिंह टिन्नी, अभिमन्यु गुप्ता सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित थे।

### जनपद अध्यक्ष ने मितानिनों को शाल श्रीफल भेंट कर किया सम्मानित



**लखनपुर।** ग्राम अमदला में मितानिन दिवस के अवसर पर सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अतिथि के रूप में जनपद अध्यक्ष श्रीमती शशि कला विक्रम सिंह, मंडल महामंत्री विक्रम सिंह ,सरपंच ज्योति सिंह, तुरना सरपंच भावना सिंह सहित अन्य अतिथि मौजूद रहे। जनपद अध्यक्ष ने उपस्थित मितानिनों को संबोधित करते हुए उनके कार्यों की सराहना की साथ ही क्षेत्र के दो दर्जन से अधिक मितानिनों को शाल श्रीफल देकर उन्हें सम्मानित किया। इस दौरान पंचायत सचिव सतनारायण सिंह, मितानिन अनीता, सुमित्रा सहित मितानिन उपस्थित रहे।

## ग्राम केशवनगर में फीकल स्लज ट्रीटमेंट प्लांट का संचालन शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर



स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण अंतर्गत ग्राम केशवनगर में निर्मित फीकल स्लज ट्रीटमेंट प्लांट का नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों के समन्वय से सुचारू संचालन प्रारंभ कर दिया गया है,इस पहल के तहत नगर पंचायत बिश्रामपुर के डी-स्लज वाहन के माध्यम से ग्राम पंचायत क्षेत्र के सेप्टिक टैंकों की डी स्लजिंग की जा रही है,एकत्रित मलिय कीचड़ को केशवनगर स्थित एफएसटीपी प्लांट में वैज्ञानिक एवं सुरक्षित उपचार प्रक्रिया से गुजारकर उसका पर्यावरण अनुकूल निपटान किया जा रहा है,इस व्यवस्था से पर्यावरण संरक्षण को मजबूती मिलेगी,मिट्टी की गुणवत्ता बनी रहेगी,भू-जल प्रदूषण से बचाव होगा तथा ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता स्तर में उल्लेखनीय सुधार होगा,संयंत्र के क्रियाशील होने से जिले में मलिय कीचड़ प्रबंधन को एक नई दिशा मिली है,इस उद्देश्य से ग्राम पंचायत क्षेत्रों में नियमित रूप से जागरूकता अभियान चलाए जा रहे हैं,साथ ही निकटवर्ती नगरीय निकायों के डी-स्लज वाहन चालकों के मोबाइल नंबर पंचायतों के सार्वजनिक स्थलों पर प्रदर्शित कराए जा रहे हैं,ताकि आवश्यकता पड़ने पर नागरिक आसानी से संपर्क कर सकें,इस कार्य में नगर पंचायत बिश्रामपुर के सीएमओ एवं नगर पालिका सूरजपुर का सहयोग प्राप्त हो रहा है। वर्तमान में जिले की सभी 6 नगरीय निकायों से उपलब्ध डी-स्लज वाहनों हेतु अनुबंध किया जा चुका है,जिससे जिले में फीकल स्लज प्रबंधन व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाया जा सकेगा।

## वाहन चालक ने बाइक सवार युवकों को मारी टक्कर दो युवकों को अस्पताल में कराया गया भर्ती



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

ग्राम संजयनगर -महावीरपुर स्थित एनएच 43 में बीती रात मारुति ओमनी चालक ने बाइक सवार युवकों को विपरीत दिशा से टक्कर मार दी है,दुर्घटना में बाइक सवार युवकों को गंभीर चोट आई है,गौरतलब है कि जयनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत एनएच 43 पर ग्राम संजयनगर महावीरपुर स्थित देव स्वीट्स के समीप सोमवार की रात करीब 8 बजे मारुति ओमनी वाहन क्रमांक सीजी 10 एफ 8014 के चालक ने तेज व लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए विपरीत दिशा से आ रहे बाइक क्रमांक सीजी 15 डीजी 9122 को जबरदस्त टक्कर मार दी,प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि उक्त दुर्घटना में बाइक सवार दो युवकों को गंभीर चोट आई है,जिन्हें उपचार हेतु अंबिकापुर अस्पताल में भर्ती करा दिया गया है।ज्ञात हो कि उक्त घटना स्थल दुर्घटना का ब्लैक स्पॉट बन गया है,जिससे आए दिन उक्त स्थल के आसपास सड़क हादसे घटित हो रहे हैं।

### बस दुर्घटना के घायलों से मिलीं विधायक उद्धेश्वरी

**कुसमी।** छत्तीसगढ़ झारखंड सीमा से लगे ओरसा पाठ के समीप स्कूल बस पलटने से लगभग 10 लोगों की जान चली गई, वही लगभग 40 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। कुछ घायलों को मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया है।



आज सामरी विधायक उद्धेश्वरी पैकरा ने घायलों से मुलाकात की और स्वास्थ्य संबंधी जानकारी ली। छत्तीसगढ़-झारखंड सीमा में हुई इस दर्दनाक बस दुर्घटना में 10 लोगों की मौत हो गई जबकि बड़ी संख्या में बस सवार घायल हो गए। इधर घटना की जानकारी लगने पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सरकार द्वारा मृतक परिवार के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करते हुए इस दुःख की घड़ी में प्रत्येक मृतक परिवार को 5-5 लाख रुपए एवं घायलों को 50-50 हजार रुपए राज्य सरकार द्वारा दिए जाने की घोषणा गई है।

## कामगारों को लेकर लौट रही ड्यूटी बस को नशेड़ी युवकों ने रोका

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

एसईसीएल बिश्रामपुर क्षेत्र के आमगांव कोल खदान से जनरल शिफ्ट के कामगारों को लेकर लौट रही एसईसीएल की अनुबंधित बस को रोककर कुछ नशेड़ी युवकों द्वारा गाड़ी चालक व कोल कामगारों के साथ गाली-गलौज एवं धमकी देने का मामला सामने आया है, घटना का वीडियो सोशल मीडिया में वायरल होने के बाद क्षेत्रीय प्रबंधन ने संज्ञान लेते हुए सुरक्षा अमले को तत्काल आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए हैं,

■ घटना का विडिओ हुआ वायरल

प्राप्त जानकारी के अनुसार यह घटना सोमवार 19 जनवरी को दोपहर करीब 3:30 बजे की है,आमगांव कोल खदान से जनरल शिफ्ट के मजदूरों को लेकर बस बिश्रामपुर की ओर लौट रही थी,इसी दौरान कुछ नशेड़ी युवकों ने बस को रुकवाने का प्रयास किया,चालक द्वारा बस नहीं रोके जाने पर युवक बाइक से पीछा करते हुए मानी चौक स्थित पेट्रोल पंप के पास बस के सामने बाइक अड़ाकर उसे जबरन रोक लिया, इसके बाद नशे में धुत्त युवकों ने बस चालक से गाली-गलौज करते हुए उसे धमकाना शुरू कर दिया,जब बस में सवार कोल कामगारों ने इसका विरोध किया तो युवकों ने उनके साथ भी बदतमीजी करते हुए जमकर गाली-गलौज की,जिससे मौके पर हंगामे की स्थिति निर्मित हो गई,घटना के दौरान किसी व्यक्ति द्वारा वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर साझा कर दिया गया, जो अब कि वायरल हो रहा है।वीडियो सामने आने के बाद एसईसीएल प्रबंधन ने तत्काल क्षेत्रीय सुरक्षा अधिकारी को मामले की रिपोर्ट दर्ज कराने के निर्देश दिए,इसके पश्चात संबंधित वीडियो फुटेज एवं रिपोर्ट पुलिस को उपलब्ध कराई गई है,पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### पूरक परीक्षा के परिणाम से असंतुष्ट जांजगीर-चांपा जिले के छात्रों ने किया यूनवर्सिटी का घेराव

**रायगढ़।** शहीद नंदकुमार विश्व विद्यालय के अंतर्गत आने वाले महाविद्यालयों में हाल में पूरक परीक्षा आयोजित की गई थीं। इन परीक्षाओं के परिणाम घोषित होने के बाद जांजगीर-चांपा जिले के दर्जनों छात्रों का आरोप है कि उन्हें मुख्य परीक्षा में फेल कर दिया गया और पूरक परीक्षा में भी उनके उत्तर पुस्तिकाओं का सही मूल्यांकन नहीं किया गया। जिससे नाराज दर्जनों छात्रों ने यूनवर्सिटी का घेराव कर दिया। इस दौरान मौके पर भारी संख्या में पुलिस बल भी तैनात रही। छात्रों ने उत्तर पुस्तिकाओं के छायाप्रति की मांग की है, जिस पर यूनिवर्सिटी प्रबंधन ने उन्हें 7 दिन का समय मांगा है। बीते दिनों जांजगीर-चांपा जिले के छात्रों ने शहीद नंदकुमार पटेल यूनिवर्सिटी पहुंच कर रिव्यू की मांग की थी और सूचना के अधिकार के तहत अपने उत्तर पुस्तिकाओं के छायाप्रति भी मांगी थी, लेकिन एक माह बीत जाने के बाद भी विश्व विद्यालय ने उन्हें उत्तर पुस्तिकाओं की कॉपी नहीं दी। वहीं अलग-अलग कारण बता कर छात्रों को गुमराह किया गया।

## खबर संक्षेप

### कलेक्टर ने दिखाई संदेश रथ को हरी झंडी

**सारंगढ़।** कलेक्टर डॉ. संजय कन्नौजे ने कलेक्टर कार्यालय परिसर से लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, सारंगढ़ बिलाईगढ़ के जल जीवन मिशन अंतर्गत जल जीवन संदेश रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह संदेश रथ जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में भ्रमण कर आमजन को स्वच्छ एवं सुरक्षित पेयजल के महत्व के प्रति जागरूक करेगा। साथ ही रथ के माध्यम से गांव, गांव जाकर किट के जरिए पानी की गुणवत्ता की जांच भी की जाएगी, जिससे ग्रामीणों को अपने क्षेत्र के पेयजल की शुद्धता की जानकारी मिल सके।

### स्वास्थ्य केंद्र घरघोड़ा को मिला 6 कम्प्यूटर सेट

**घरघोड़ा।** महावीर एनर्जी एवं कोल बेनेफिकेशन लिमिटेड द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घरघोड़ा को अनुविभागीय अधिकारी रा हसीलदार, नायब तहसीलदार, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत, विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी, खण्ड चिकित्सा अधिकारी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की उपस्थिति में महावीर एनर्जी के वरिष्ठ महाप्रबंधक एस के साहू एवं उनके कर्मचारियों द्वारा 06 नग कंप्यूटर सेट प्रिंटर सेट के साथ प्रदाय किया गया।

### राशन दुकान में स्टॉक की कमी, एजेंसी निलंबित

**रायगढ़।** जगतपुर वार्ड क्रमांक 04 स्थित शासकीय उचित मूल्य दुकान की जांच में गंभीर अनियमितताएं सामने आई हैं। जिला प्रशासन ने पीडीएस नियमों के उल्लंघन को गंभीरता से लेते हुए संबंधित दुकान को निलंबित कर दिया है। खाद्य अधिकारी रायगढ़ ने बताया कि सार्वजनिक वितरण प्रणाली नियंत्रण आदेश 2016 के तहत जगतपुर वार्ड क्रमांक 04 स्थित शासकीय उचित मूल्य दुकान आईडी 411001089 की जांच के दौरान संचालक द्वारा हितग्राहियों को वितरित किए गए खाद्यान्न में अत्यधिक मात्रा में स्टॉक की कमी पाई गई।

## पृष्ठ 1 का शेष

### ग्रामीण क्षेत्र के ...

को दिया जाता है। जो जिम्मेदारी पूर्वक काम करने में नाकाम साबित हो रहे हैं। उन्हें तो मालूम ही नहीं चल पाता कि स्कूलों में शिक्षक नहीं है। स्कूलों में शिक्षक एक आवेदन छोड़ देते हैं अगर स्कूल की छुट्टी तक कोई जांच के लिए आ गया तो आवेदन दिखा देते हैं, नहीं तो शाम को आवेदन कचड़े के डब्बे में फेंककर प्रशासन की आंख में पूरी तरह धूल झोंक दिया जाता है। स्कूलों में पढ़ाई के गिरते स्तर को सुधारने प्रशासन की एक मॉनिटरिंग टीम हो जो लगातार सरकारी स्कूलों में जाकर शिक्षकों की ड्यूटी की मॉनिटरिंग करे। शासन स्तर में स्कूलों के शिक्षकों की मॉनिटरिंग के लिए अनेक नियम कायदे हैं पर उन सभी नियम कायदों को ठेंगा दिखाकर शिक्षक बड़ी आसानी से स्कूल से बिना छुट्टी लिए गोल हो रहे है।

### बकाया जलकर जमा ...

वार्ड में स्ट्रीट लाइट लगाने, सड़क निर्माण एवं सड़कों के किनारे नालियों को कवर करते हुए निर्माण कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने दीनदयाल भूमिहीन कृषि मजदूर कल्याण योजना अंतर्गत ई-केवाईसी कार्य समय पर पूर्ण करने एवं मृत व्यक्तियों के नाम राशन कार्ड से विलोपित करने के निर्देश भी दिए। इस अवसर पर नगर पालिका जशपुर के मुख्य नगर पालिका अधिकारी योगेश्वर उपाध्याय सहित जिले के समस्त नगर पंचायतों एवं नगरपालिकाओं के मुख्य नगर पालिका अधिकारी उपस्थित रहे।

### विकसित भारत–वीबी ...

दृष्टि से वीबी जी राम जी को जन-जन तक पहुंचाने के लिए मंडल स्तर पर कार्यशालाएं अनिवार्य रूप से आयोजित की जाएंगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि भाजपा ने कभी मनरेगा का विरोध नहीं किया, लेकिन कांग्रेस जानबूझकर जनता को भ्रमित कर रही है। मनरेगा की कई व्यावहारिक कमियों को दूर करने के लिए ही नए कानून लाए गए हैं। वीबी जी राम जी के प्रदेश सह प्रभारी अम्बिकेश केशरी ने अपने विस्तृत उद्बोधन में कहा कि विजन 2047 प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सपना है और जब तक गांवों का इंफ्रास्ट्रक्चर मजबूत नहीं होगा, तब तक यह विजन पूरा नहीं हो सकता। कार्यशाला में प्रमुख रूप से नपा अध्यक्ष अरविन्द भगत, नपा उपाध्यक्ष यशप्रताप सिंह जूदेव सहित आनंद शर्मा, श्रीनायक मिश्रा, संतोष सिंह, कमला निराला, ममता कश्यप, अनूप नारायण सिंह, देवधन नायक, श्यामलाल भगत, विष्णु गुप्ता, गोविंद भगत, रीना बारला, मुकेश सोनी, नेहरू सिंह, शारदा प्रधान, पिंकी गुप्ता, पंकज जायसवाल, हरिशंकर यादव, आनंद यादव, देवलाल भगत, सरोजनी सिंह, मुनेश्वर सिंह केसर, केशव यादव, राजू गुप्ता, सुधीर पाठक, दीपक गुप्ता, उमेश प्रधान, राजा सोनी, विकास सोनी, राहुल गुप्ता, विनोद निकुंज, आशु राय, दीपू मिश्रा, मानू सोनी, रागिनी भगत, नीतू गुप्ता, कंचन बैरागी सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## पंजीयन कार्य में तेजी लाने दिए निर्देश

# संभागायुक्त ने सरगुजा ओलंपिक की तैयारियों के संबंध में ली बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर



सरगुजा ओलंपिक 2026 के आवश्यक तैयारियों पर सरगुजा संभागायुक्त नरेन्द्र दुग्गा ने मंगलवार को वर्चुअल माध्यम से संभागस्तरीय बैठक ली। जिला कलेक्टरेट कार्यालय अम्बिकापुर के एनआईसी कक्ष में पुलिस महानिरीक्षक दीपक झा, जिला खेल एवं युवा कल्याण विभाग के डायरेक्टर श्रीती तूलिका सलाम, कलेक्टर सरगुजा अजीत वसंत, संभागस्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक में वर्चुअल रूप से सरगुजा सम्भाग के समस्त जिलों के कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक, सम्बन्धित अधिकारी जुड़े। जशपुर जिले से वर्चुअल के माध्यम से कलेक्टर रोहित व्यास, जिला पंचायत सीईओ अभिषेक कुमार, सहायक कलेक्टर अनिकेत अशोक, खेल अधिकारी और सभी जनपद पंचायत सीईओ वर्चुअल के माध्यम से सीधे जुड़े थे। सम्भागायुक्त श्री दुग्गा ने कहा कि सरगुजा संभाग अनुसूचित जनजाति बाहुल्य क्षेत्र है, यह क्षेत्र खेल प्रतिभाओं से परिपूर्ण है। यहां के युवाओं में खेलों के प्रति स्वाभाविक रुचि और अपार क्षमता को पहचानकर उन्हें मुख्यधारा से जोड़ने के उद्देश्य से छत्तीसगढ़ शासन द्वारा सरगुजा ओलंपिक का आयोजन किया जा रहा है। यह प्रतियोगिता आदिवासी अंचल के युवाओं को खेल के क्षेत्र में आगे बढ़ाने का सुनहरा अवसर प्रदान करेगी। बैठक के दौरान उन्होंने सरगुजा ओलम्पिक की आवश्यक तैयारियों पर जिलेवार समीक्षा की। बैठक में समस्त जिला कलेक्टरों ने अपने-अपने जिले में आयोजन की तैयारियों के सम्बन्ध में जानकारी साझा की।

सम्भागायुक्त श्री दुग्गा ने अब तक हुए पंजीयन की स्थिति की जानकारी ली तथा कहा कि लोगों में सरगुजा ओलम्पिक के सम्बन्ध में प्रचार-प्रसार करने की जरूरत है। पंजीयन की अंतिम तिथि 25 जनवरी तक है इसलिए पंजीयन में प्रगति लाएं। उन्होंने ओलंपिक के सफल आयोजन के लिए विभिन्न विभागों के साथ समन्वय कर कार्ययोजना तैयार करते हुए आयोजन को सफल बनाने निर्देशित किया। सरगुजा संभाग के सभी खेल अधिकारियों को स्कूल कॉलेजों में पीटीआई., खेल संघों को जोड़कर सरगुजा ओलम्पिक की जानकारी जन-जन तक पहुंचाने को कहा। इसी प्रकार उन्होंने सभी जिला पंचायत सीईओ को जनपद स्तर पर वॉल राइटिंग करवाकर लोगों को जागरूक करने निर्देशित किया। पुलिस महानिरीक्षक दीपक झा ने कहा कि सरगुजा ओलम्पिक 2026 शासन की एक महत्वाकांक्षी पहल है, जिसमें युवाओं एवं खिलाड़ियों की व्यापक सहभागिता आवश्यक है। उन्होंने कहा कि आयोजन में पुलिस विभाग की सक्रिय भूमिका रहेगी, पूरे आयोजन में पुख्ता सुरक्षा व्यवस्था हेतु ड्यूटी लगाई जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रचार-प्रसार के लिए पुलिस थानों में हेल्प डेस्क स्थापित किया जाएगा।

### आयोजन की प्रमुख तिथियां

सरगुजा ओलंपिक हेतु पंजीयन की अंतिम तिथि 25 जनवरी 2026 तक है। विकासखण्ड स्तरीय आयोजन 28 जनवरी से 03 फरवरी तक, जिला स्तरीय आयोजन 05 फरवरी से 10 फरवरी तक, संभाग स्तरीय आयोजन 01 मार्च से 03 मार्च तक आयोजित होगा। बता दें विकासखण्ड स्तर पर पंजीयन हेतु इच्छुक व्यक्ति लिंक में अथवा ऑफलाईन विकासखण्ड शिक्षा कार्यालय व जनपद कार्यालय व नगर पंचायत अथवा खेल एवं युवा कल्याण विभाग के जिला कार्यालय के माध्यम से किया जा सकेगा। प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए पंजीयन कराना अनिवार्य है।

### ये खेल होंगे आयोजित

सरगुजा ओलंपिक में विकासखण्ड स्तर पर एथलेटिक्स दौड़, गोला फेंक, भाला फेंक, तवा फेंक, लम्बी कूद, ऊंची कूद, 4100 रिले रेस, तीरंदाजी, बैडमिंटन, फुटबॉल, कराते, कबड्डी, खो-खो, बालीबाल, बास्केटबाल आयोजित होंगे। हॉकी एवं कुश्ती के खिलाडी सीधे जिले स्तर पर प्रतिभाग करेंगे।

## मुख्य मार्ग से हटा अतिक्रमण

# कलेक्टर के निर्देश पर सब्जी बाजार हुआ व्यवस्थित



**जशपुरनगर।** शहर के मुख्य बाजार मार्ग पर लंबे समय से चली आ रही अव्यवस्था पर आखिरकार प्रशासन ने सख्त कदम उठाया। सड़क किनारे सब्जी एवं मछली की दुकानें लगने से रोजाना लग रहे जाम और आमजन की परेशानी को देखते हुए कलेक्टर रोहित व्यास के निर्देश पर नगरपालिका जशपुर ने पुलिस बल के सहयोग से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की।यह मामला जशपुर फोरम की बैठक में प्रमुखता से उठाया गया था। बैठक में बताया गया कि मुख्य मार्ग पर अतिक्रमण के कारण न केवल यातायात बाधित हो रहा है, बल्कि दुर्घटनाओं की आशंका भी बनी रहती है। इस पर विधायक रायमुनि भगत और नगरपालिका अध्यक्ष अरविंद भगत ने आम नागरिकों की मांग को उचित मानते हुए कार्रवाई के लिए सहमति दी थी।

नगरपालिका द्वारा पहले चरण में सड़क किनारे लगने वाली दुकानों को बाजार परिसर में शिफ्ट कराया गया था। इसके बावजूद एक माह बाद कुछ दुकानदारों ने फिर से मुख्य सड़क किनारे दुकानें लगानी शुरू कर दीं। इससे स्थिति जस की तस बनी रही। नागरिकों ने बार-बार शिकायत कर प्रशासन से हस्तक्षेप की मांग की।

### कार्रवाई के दौरान उमड़ी भीड़

शिकायतों के बाद कलेक्टर के निर्देश पर नगरपालिका अमले ने पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचकर सड़क किनारे लगे अतिक्रमण को हटाया। कार्रवाई के दौरान बड़ी संख्या में लोग एकत्रित हुए, जिन्होंने प्रशासन की इस पहल का समर्थन किया। लोगों का कहना था कि अब मुख्य मार्ग पर यातायात सुचारु होगा और बाजार व्यवस्था बेहतर बनेगी। अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई के समय मुख्य नगरपालिका अधिकारी योगेश्वर उपाध्याय, सहायक अभियंता कैलाश खटोले, भोला यादव, शंकर निराला सहित पुलिस के अधिकारी मौजूद रहे।

**मॉनिटरिंग के निर्देश-** कलेक्टर रोहित व्यास ने निर्देश दिए कि सब्जी एवं मछली की दुकानें केवल निर्धारित शेड और तय स्थानों पर ही लगाई जाएं। वहीं मुख्य नगरपालिका अधिकारी योगेश्वर उपाध्याय ने राजस्व निरीक्षक प्रभात को प्रतिदिन निरीक्षण कर यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए कि कोई भी दुकानदार सड़क किनारे अतिक्रमण न करे।

# किसान बिना किसी परेशानी के अपनी उपज का बेच रहे धान

**जशपुरनगर।** खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 के अंतर्गत जिले में धान खरीदी का कार्य शासन के निर्देशानुसार सुचारू रूप से जारी है। जिले के सभी धान खरीदी केंद्रों में किसानों की सुविधा का विशेष ध्यान रखा जा रहा है, जिससे किसान बिना किसी परेशानी के अपनी उपज का विक्रय कर सकें। इसी क्रम में कुनकुरी विकासखण्ड स्थित धान खरीदी केंद्र में ग्राम घटमुंडा निवासी कृषक विजय प्रताप ने बताया कि केंद्र में धान विक्रय के दौरान उन्हें किसी प्रकार की असुविधा का सामना नहीं करना पड़ा।



उन्होंने आगे कहा कि आज मैंने आसानी से अपना धान बेचा। केंद्र में साफ-सुथरा और पर्याप्त मात्रा में बारदाना उपलब्ध कराया गया, वहीं धान की तौल भी समय पर सुचारू रूप से की गई। किसान श्री विजय प्रताप ने शासन द्वारा की जा रही व्यवस्थाओं पर संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि धान खरीदी केंद्र में कर्मचारियों द्वारा सहयोगात्मक व्यवहार किया जा रहा है तथा पूरी प्रक्रिया पारदर्शी ढंग से संचालित हो रही है। इससे किसानों का समय बच रहा है और अनावश्यक परेशानी से भी राहत मिल रही है। उन्होंने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वर्तमान सरकार किसानों को उनकी मेहनत का सही मूल्य दिलाने के लिए प्रतिबद्ध है। धान खरीदी व्यवस्था को सुदृढ़ कर किसानों के मान-सम्मान को बढ़ाया जा रहा है, जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी मजबूती मिल रही है। उल्लेखनीय है कि शासन द्वारा धान खरीदी कार्य को व्यवस्थित एवं पारदर्शी बनाने के लिए लगातार निगरानी की जा रही है। संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि सभी खरीदी केंद्रों में किसानों को आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं, ताकि धान खरीदी कार्य समयबद्ध एवं सुचारू रूप से पूर्ण हो सके।

## कलश यात्रा के साथ श्रीमद भागवत कथा का शुभारंभ

**कटेली।** सारंगढ़ विखं सारंगढ़ अन्तर्गत ग्राम कोसीर छोटे में 20 जनवरी को कलश यात्रा के साथ मंगलाचरण कथा आरंभ 21 जनवरी बुधवार को कपिल अवतार ध्रुव चरित्र 22 जनवरी को जड भरत कथा नरसिंह अवतार की कथा 23 जनवरी श्रीराम कथा श्रीकृष्ण जन्मोत्सव 24जनवरी बाल लीला गोवर्धन पूजन छप्पन भोग, 25 जनवरी महारास वर्णन कंशबध रुक्मणी विवाह 26 जनवरी सुदामा चरित्र, कृष्ण उद्वव संवाद, परीक्षित मोक्ष तथा 27 जनवरी को तुलसी वर्षा गीतापाठ, हवन, सहस्त्रधारा, पूर्णाहुति का कार्यक्रम साहू परिवार द्वारा आयोजित की गई है। कथा व्यास भागवताचार्य पंडित राजेन्द्र कुमार पाणिग्राही के मुखारबिंद से भगवती राधास्वामी के अलौकिक, संगीतमयी कथा की वर्षा कोसीर छोटे मे सभी श्रोता रसपान करेंगे।

# बालगृह व दत्तक ग्रहण केंद्रों के कर्मचारियों का फूटा दर्द

**जशपुरनगर।** महिला एवं बाल विकास विभाग के अंतर्गत एनजीओ द्वारा संचालित बालगृह बालक, बालगृह बालिका एवं दत्तक ग्रहण ओपन सेंटर बालिका में कार्यरत कर्मचारियों ने अपनी सेवाएं यथावत बनाए रखने की मांग को लेकर मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन सौंपने के दौरान चार संस्थानों के बड़ी संख्या में कर्मचारी मौजूद रहे।कर्मचारियों ने ज्ञापन के माध्यम से बताया कि वे विगत कई वर्षों से निरंतर बालगृहों एवं दत्तक ग्रहण केंद्रों में सेवाएं दे रहे हैं। उनका कार्य केवल एक नौकरी नहीं, बल्कि निराश्रित, अनाथ और संरक्षण की आवश्यकता वाले बच्चों के जीवन, सुरक्षा और भविष्य से जुड़ा हुआ है। कर्मचारी बच्चों की देखभाल, पालन-पोषण, शिक्षा, स्वास्थ्य, सुरक्षा और मानसिक विकास की जिम्मेदारी पूरी निष्ठा और संवेदनशीलता के साथ निभा रहे हैं।



### मुख्यमंत्री से मानवीय निर्णय की मांग

कर्मचारियों ने मुख्यमंत्री से मांग की है कि उनके वर्षों के सेवा-त्याग, अनुभव और समर्पण को ध्यान में रखते हुए उन्हें यथावत सेवा में बनाए रखा जाए, ताकि वे आगे भी पूरी निष्ठा और जिम्मेदारी के साथ बच्चों की सेवा करते रह सकें।कर्मचारियों ने आशा जताई है कि सरकार उनके योगदान को समझते हुए मानवीय दृष्टिकोण से निर्णय लेगी।

### सेवा समाप्ति की प्रक्रिया से बढ़ी चिंता

कर्मचारियों ने बताया कि हाल ही में उन्हें जानकारी मिली है कि उनकी सेवाएं समाप्त करने अथवा उन्हें कार्य से हटाने की प्रक्रिया की जा रही है। इससे कर्मचारियों के सामने गंभीर आर्थिक और मानसिक संकट खड़ा हो गया है। अधिकांश कर्मचारियों के परिवारों की आजीविका पूरी तरह इसी रोजगार पर निर्भर है।

### कोरोना काल में निभाया कर्तव्य बच्चों को नहीं छोड़ा अकेला

कर्मचारियों ने बताया कि कोरोना महामारी जैसे भीषण संकट के समय, जब पूरा देश भय, लॉकडाउन और अनिश्चितता से जूझ रहा था, उस समय भी उन्होंने अपने परिवार, छोटे-छोटे बच्चों और निजी जीवन की चिंता छोड़कर बालगृहों में रह रहे बच्चों को अकेला नहीं छोड़ा। कई महीनों तक कर्मचारी बालगृह परिसर में ही रहकर बच्चों के साथ रहे, उनकी हर आवश्यकता का ध्यान रखा और उन्हें यह महसूस नहीं होने दिया कि वे इस कठिन समय में अकेले हैं।कर्मचारियों का कहना है कि जब समाज में लोग एक-दूसरे से दूरी बना रहे थे, उस समय उन्होंने बच्चों को अपनापन दिया, उनका मनोबल बढ़ाया और अपनी जान की परवाह किए बिना अपने कर्तव्यों का निर्वहन किया।

## खरसिया में मनाई जाएगी परमहंस तिगडानिया जयंती

**खरसिया।** भगतराम किशन तिगड़ानिया परिवार के द्वारा विगत वर्षो की भांति इस वर्ष भी अवधुत संत बाबा परमहंस तिगड़ानिया की जयंती 23 जनवरी को धूमधाम से मनाई जाएगी। इस अवसर पर नगर के गंज बाजार स्थित मंदिर में भजन, कीर्तन सहित विशाल भंडारे का आयोजन भी किया गया है। गौरतलब है कि बसंत पंचमी के अवसर पर आयोजित उपरोक्त समस्त कार्यक्रम खरसिया शहर के गंज स्थित मंदिर परिसर में होंगे, उपरोक्त जानकारी देते हुए आयोजक परिवार के सदस्यों ने बताया की 23 जनवरी को आरती एवं दर्शन कार्यक्रम सुबह 9 बजे से रखा गया है एवं मंदिर परिसर में भजन, कीर्तन का कार्यक्रम पूरे दिन भर चलेगा, साथ ही भोग भण्डारा दोपहर 12.30 बजे सेएसंध्या आरती संध्या 7.30 बजे गंज बाजार खरसिया में होगी तिगड़ानिया परिवार ने समस्त नागरिक बंधुओ, धर्म प्रेमियों को इस कार्यक्रम के अवसर पर प्रसाद ग्रहण करने तथा समस्त कार्यक्रमों में सह परिवार शामिल होकर पुण्य का भागी बनने का आग्रह किया है।



## 75 लाख की लागत से बनेगा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र

**रायगढ़।** लैलूंगा ब्लॉक के ग्राम बसंतपुर में भवन विहीन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की समस्या को गंभीरता से लेते हुए जिला प्रशासन ने जिला खनिज न्यास डीएमएफ मद से 75 लाख रुपए की स्वीकृति प्रदान की है। इस राशि से ग्राम बसंतपुर में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का सुसज्जित नवीन भवन निर्मित किया जाएगा, जिससे क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार संभव हो सकेगा। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का भवन निर्मित होने से बसंतपुर सहित आसपास के गांवों के सैकड़ों नागरिकों को समय पर उपचारए नियमित स्वास्थ्य जांच, मातृ.शिशु स्वास्थ्य सेवाएं एवं प्राथमिक उपचार की सुविधा अपने क्षेत्र में ही उपलब्ध हो सकेगी।

# धान खरीदी में अनियमितता, समिति के चार कर्मचारियों पर गिरी गाज

**सारंगढ़।** धान खरीदी में कई तरह की लापरवाही बरतने वालों के खिलाफ कार्रवाई की गई है। इसमें धान खरीदी केंद्र लेंधरा बरमकेला के रामकुमार पटेल, कटेली के निलेश जायसवाल, छिंद लिमगांव के मुकेश गुप्ता और खीक राम साहू के कार्य पर लगी रोक

सेवा सहकारी समिति लेंध्रा पंक्र 106 यहाँ के सहायक समिति प्रबंधक रामकुमार पटेल को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। जाँच में पाया गया कि केंद्र में भौतिक सत्यापन के दौरान 2145 नग धान भरे बोरे वजन 858 क्विंटल अधिक पाए गए, जो रिसाइक्लिंग और फर्जी परिवहन की ओर इशारा करते हैं। सतर्क ऐप से भी अलर्ट प्राप्त हुआ था। इसी प्रकार सेवा सहकारी समिति कटेली पं क्र 1563 के सहायक समिति प्रबंधक निलेश जायसवाल को भी निलंबित किया गया है।

यहां निरीक्षण में पाया गया कि बार बार निर्देश देने के बावजूद यहाँ ढाला पद्धति से धान का परीक्षण नहीं किया जा रहा था और सीधे बोरे में भरकर तौल की जा रही थी, जो घोर लापरवाही है। सेवा सहकारी समिति छिंद पंक्र 171 केंद्र के धान उपार्जन केंद्र लिमगांव के समिति प्रबंधक नवीन संवर्गद्ध मुकेश कुमार गुप्ता द्वारा शासन के निर्देशों के विपरीत कार्य करने और स्वेच्छाचारिता बरतने के कारण उनका वित्तीय प्रभार तत्काल प्रभाव से समाप्त कर दिया गया है। इसी केंद्र लिमगांव के फड़ प्रभारी खीकराम साहू को धान खरीदी कार्य में लापरवाही और मनमानी करने के चलते तत्काल प्रभाव से धान खरीदी कार्य से हटा दिया गया है।

## कुम्हारी में किसानों से लिया जा रहा तय मात्रा से ज्यादा धान

**घौठला बड़े।** बरमकेला क्षेत्र के सेवा सहकारी समिति ग्राम कुम्हारी में प्रबंधक द्वारा 41.200 केजी तक धान लिया जा रहा है। नियम के अनुसार किसान से 40 किलो और बोरी का 500 ग्राम लेना होता और दोनों को मिलाकर 40.500 लेना रहता है , लेकिन यंहा तो किसानो को ठगने का काम किया जा रहा है प्रबंधक छन्दा पटेल के द्वारा, कांटा में साफ तौर पर दिखाई दे रहा है की 41.200 किलोग्राम तौला जा रहा है, और किसानो की हक़ पर डाका डाला जा रहा है। खाद्य अधिकारी गणेश कुर्रे ने इस मामले में कहा क अगर तौल से अत्यधिक ले रहे हैं तो मैं एक बार जाकर निरीक्षण करता हूं उसके बाद फिर कार्रवाई किया जाएगा।

# सब्र का टूटा बांध, टोकन नहीं कटने से नाराज किसानों ने किया जाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ पुसौर



आखिरकार पुसौर के किसानों का भी सब्र का बांध टूट ही गया। हालात यह रहा कि टोकन नहीं कटने से नाराज किसानों ने करीब दो घंटे तक चक्का जाम कर दिया। इससे तहसील के दोनों ओर गाड़ियों की लंबी कतारें लग गई है। किसानों ने जमकर शासन के खिलाफ नारेबाजी भी किया। रोड दोनों ओर दर्जनों की संख्या मे भारी वाहन जाम हो गए थे। ज्ञात हो कि धान खरीदी कार्य 31 जनवरी तक ही चलेगा इसके बाद किसान धान नहीं बेच पाएंगे इसलिए किसानों ने यह रास्ता अपनाया ताकि वे अपना धान समय पर बेच सकें।

धरना स्थल पर नायब तहसीलदार पंकज मिश्रा पहुंचे इन्होंने सबको कार्यालय में बुलाए, लेकिन किसानों ने सड़क पर ही टोकन काटने की जिद करने लगे। जिस पर पुसौर टीआई एवं उनके टीम के लोगों ने किसानों को समझाईश दिया। किसान कार्यालय पहुंचे और वहां लाईन लगाते हुए टोकन के लिए आवेदन लिया गया। किसानों का कहना है कि तहसील से टोकन की कार्रवाई आगे तो बढ गया अब सोसायटी में फिर से पापड़ बेलना पड़ेगा। चूंकि आवेदनों में लिखा गया है कि नियमानुसार टोकन काटा जाय। अब सोसायटी में प्रबंधक पटवारी आरईओ व जिला के नोडल अधिकारी बैठे हैं जिन्हें रकबा समर्पण करवाने की हिदायद दी गई है। ऐसे में संदेह बना हुआ है कि तहसील के इस आदेश पर रकबा अनुसार धान बिक्री हो पायेगा या नही। धरना स्थल पर रहे केनसरा के पुर्व सरपंच व वर्तमान उप सरपंच डनसेना, कोसमंदा के कई गौटिया परिवार, सिहा के पूर्व सरपंच विनोद गुप्ता सहित सैकड़ों किसानों ने बताया कि शासन द्वारा किए जा रहे धान खरीदी के इतिहास में पहली बार किसानों को अपने धान बेचने के लिए सड़क पर उतरना पड़ रहा है जबकि प्रदेश सरकार अपने को किसान हितैशी करार देते हुए आए दिन अपनी पीठ थपथपाती रहती है।

# मारपीट मामले में आरोपी को पुलिस ने अजमानतीय धाराओं में रिमांड पर भेजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

थाना जूटमिल क्षेत्र अंतर्गत झोपड़ीपारा में पुरानी लेनदेन की रंजिश को लेकर हुई गंभीर मारपीट की घटना में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी युवक को गिरफ्तार कर अजमानतीय धाराओं के तहत रिमांड पर भेज दिया है। घटना को लेकर आहत युवक के पिता द्वारा दर्ज कराई गई रिपोर्ट के आधार पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर विवेचना प्रारंभ की थी।



12 जनवरी को स्वरूप दास पिता स्व निगईवन्द्र दास उम्र 50 वर्ष निवासी थाना जूटमिल के पीछे झोपड़ीपारा वार्ड क्रमांक 35 ने थाना जूटमिल में रिपोर्ट दर्ज कराई कि 11 जनवरी की रात करीब 10 बजे कबीर चौक में झोपड़ीपारा निवासी अनुज यादव द्वारा पुराने आपसी पैसों के लेनदेन की बात को लेकर उसके बेटे भास्कर दास के साथ गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी गई। इसी दौरान आरोपी ने ईंट से भास्कर के सिर के पीछे वार किया तथा अपने हाथ में रखे चाकूनुमा वस्तु से कमर के पीछे हमला किया, जिससे भास्कर गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल अवस्था में उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल रायगढ़ में भर्ती कराया गया। प्रार्थी की रिपोर्ट पर थाना जूटमिल में मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान आहत भास्कर दास उर्फ मोनू का मेडिकल परीक्षण कराया गया, जिसकी रिपोर्ट के आधार पर आरोपी अनुज यादव के विरुद्ध धारा 118 (1) भारतीय न्याय संहिता की धाराएं विस्तारित की गईं।

online Booking:-www.tripuryatra.com
Individual & Group Tour
Honeymoon Tours
School Collage Tour
19 मार्च, 09 अप्रैल, 07 मई
21 मई, 04 जून 2026 (10 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), काठमांडू (बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप)
माँ मनोकामना देवी, पशुपतिनाथ, जनकपुर (सीता मैया का जन्म स्थान),
पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव,डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक),
राशि:-स्लीपर 13,500/-, 3 एसी 22,500/-, 2 एसी 25,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D 36 Sector 4 Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
हड्डी एवं जोड़ों का दर्द • नसों का रोग • त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मानसिक रोग • मूत्र संबंधी रोग • मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग • किडनी संबंधी रोग • पेट संबंधी विकार • थायराइड • अस्थमा • मोटापा • मांसपेशी का रोग • मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त